अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 54 | लखनऊ, शनिवार, 06 सितम्बर 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## प्रदेश के नौ लाख शिक्षकों को मिलेगी कैशलेस इलाज सुविधा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- सीएम योगी बोले- ऑपरेशन कायाकल्प से 1.36 लाख स्कूलों में हुआ सुधार

लखनऊ। शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश के सभी शिक्षक अब कैशलेस इलाज सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह सुविधा न सिर्फ प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए होगी, बल्कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों तक को कवर करेगी।

मुख्यमंत्री योगी राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, टैबलेट वितरण और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसी भी बीमारी या आपातकालीन स्थिति में शिक्षकों और उनके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस ऐतिहासिक फैसले से लगभग नौ लाख शिक्षक परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कैशलेस इलाज व्यवस्था को शिक्षकों के योगदान के प्रति सरकार की कृतज्ञता का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर के शिक्षकों से यही कहूंगा कि आप लोग अच्छा करिए हम आपके साथ में है। शिक्षक दिवस पर आप सबके मन में होगा कि और क्या हो सकता है। हम आज घोषणा करना चाहते हैं और वह यह कि प्रदेश के सभी शिक्षकों को हम कैशलेस उपचार की व्यवस्था का लाभ देंगे। इसके साथ ही शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोईया को भी हम इसके साथ जोड़ेंगे। यानी इस सुविधा का लाभ उत्तर प्रदेश के लगभग 9 लाख शिक्षकों यानी 9 लाख परिवारों को मिलेगा। बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग जल्द से जल्द सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करके एक समय सीमा के अंदर कैशलेस उपचार की सुविधा देने के लिए कार्य करेगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को कटघरे में खड़ा कर दिया गया था, लेकिन अब यह बोर्ड सुधार और नवाचार के साथ देश का गर्व बन रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि एक समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है। शिक्षक किसी नौकरशाह या नेता से कम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि अरुणाचल से लेकर मध्य प्रदेश तक आज भी उत्तर प्रदेश के शिक्षक अपनी उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सम्मानित हैं। यही पहचान अब सकारात्मक माहौल और नवाचार के जरिए और सशक्त हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाल वाटिका की पुस्तिकाएं सरल और रोचक हों, ताकि बच्चे खेल-खेल में सीखें और पढ़ाई को आनंददायक मानें। पोषण मिशन के अंतर्गत बच्चों को विविध और आकर्षक भोजन दिया जाए, जिससे उनमें रुचि जागृत हो। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार किए हैं, उनके उदाहरण प्रकाशित होकर सभी विद्यालयों तक पहुंचें और असेंबली में बच्चों के सामने रखे जाएं। इससे अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे और भावी पीढ़ी के लिए शिक्षा जगत में नई दिशा तैयार होगी। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, प्रभारी मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक) दीपक कुमार और महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा उपस्थित रहे।

### शिक्षा मित्र और अनुदेशकों का मानदेय भी बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने यह भी ऐलान किया कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय को बढ़ाने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। समिति की रिपोर्ट आने के बाद सरकार जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का निर्णय इसलिए है कि कि यह लोग भी हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर इस अभियान को ताकत देते हैं। इसके लिए बहुत शीघ्र रिपोर्ट आने वाली है और हम उसे दिशा में कुछ बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

### ऑपरेशन कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार से बदली तस्वीर

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विद्यालयों की दशा सुधारने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार जैसे अभियान चलाए गए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.36 लाख विद्यालयों को 19 बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा गया। वहीं प्रोजेक्ट अलंकार के जरिए अब तक 2,100 विद्यालयों को नए भवन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया है।

## संक्षिप्त

### मिथुन चक्रवर्ती ने तृणमूल नेता कुणाल घोष पर किया 100 करोड़ का मुकदमा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में 2026 में आसन्न विधान सभा चुनाव को लेकर दो प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अखिल भारतीय तृणमूल कंग्रेस (तृणमूल कंग्रेस) लगातार एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अभिनेता से नेता बने बालीवुड स्टार मिथुन चक्रवर्ती और तृणमूल के पूर्व राज्यसभा सांसद कुणाल घोष के बीच देखने को मिला। भाजपा नेता और बालीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने तृणमूल कंग्रेस नेता कुणाल घोष पर 100 करोड़ रुपये का मानहानि मामला दायर किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कुणाल ने साफ कर दिया है कि वे इस मामले से घबराने वाले नहीं हैं, बल्कि इसे उसी तरह लड़ेंगे जैसे उन्होंने सारदा चिटफंड जांच के दौरान किया था।

### मॉरिशस के प्रधानमंत्री आठ दिन की यात्रा पर 9 सितम्बर को भारत आयेंगे

नई दिल्ली। मॉरिशस के प्रधानमंत्री डा.नवीन चन्द्र राम गुलाम 9 से 16 सितम्बर तक आठ दिन की भारत यात्रा पर आयेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में डा. राम गुलाम की भारत यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मौजूदा कार्यकाल में उनकी यह पहली विदेश यात्रा है । उन्होंने कहा कि मॉरिशस के प्रधानमंत्री इस यात्रा के दौरान दिल्ली के अलावा मुंबई , वाराणसी , तिरूपति और अयोध्या भी जायेंगे। मुंबई में वह एक बिजनेस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री रामगुलाम वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए भी भारत आये थे।

### सीबीआई ने यूएई से भगोड़े हर्षित बाबूलाल जैन का प्रत्यर्पण कराया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से कर चोरी, अवैध जुआ और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में वांछित भगोड़े हर्षित बाबूलाल जैन का प्रत्यर्पण कराया है। जैन को आज अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुजरात पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में सीबीआई ने गुजरात पुलिस, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर काम किया। सीबीआई के अनुसार, गुजरात पुलिस लंबे समय से जैन की तलाश कर रही थी। इसी के तहत सीबीआई ने 9 अगस्त 2023 को इंटरपोल के माध्यम से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया था।

## जीएसटी में कटौती का लाभ पूरे देश के हर नागरिक को मिलेगा: वित्त मंत्री



एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुंचना चाहिए, इसलिए केंद्र सरकार नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से लागू होने वाली नई कर व्यवस्था के क्रियान्वयन पर कड़ी नजर रख रही है। दिवाली और छठ (मईया) पूजा से पहले बिहार और पूरे देश को यह डबल धमाका मिल रहा है। वित्त मंत्री ने मीडिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हमारा ध्यान आम आदमी, मध्यम वर्ग, उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं पर है। जीएसटी में सुधार लाने के लिए पिछले 1.5 साल से काम चल रहा है और इनका वैश्विक व्यापार तनाव से कोई संबंध नहीं है। इसके लिए मंत्रियों का समूह (जीओएम) बनाया गया था और हम काम कर रहे थे। वित्त मंत्री ने जीएसटी में किए गए सुधारों के समय का बचाव करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया।

## परिवहन की नई सरल हेल्पलाइन-149 का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तीन महिला परिचालकों को दिया जाएगा नियुक्ति पत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को परिवहन विभाग के जरिए प्रदेशवासियों को अनेक सौगात देंगे। वे परिवहन विभाग की अनेक योजनाओं का शुभारम्भ व लोकार्पण भी करेंगे। यह आयोजन शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में होगा। कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने का भी शुभारम्भ करेंगे।



-परिवहन विभाग की इस पहल से आमजन को बड़ी सुविधाएं मिलेंगी। आईआईटी खड़गपुर व परिवहन विभाग के मध्य होगा एमओयूपरिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 का शुभारम्भ भी करेंगे। आईआईटी खड़गपुर व परिवहन विभाग तथा परिवहन निगम व सीएससी के मध्य भी एमओयू होगा। सीएम योगी इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट की नई बुकलेट और डिजिटल बस ट्रैकिंग (मार्गदर्शी) ऐप का भी शुभारम्भ करेंगे।

-बस स्टेशन के विकासकर्ताओं को भी सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्रीश्री सिंह ने बताया कि पीपीपी के अंतर्गत व अनुदान आधारित बस स्टेशनों का डिजिटल उद्घाटन व शिलान्यास भी होगा। इसके पश्चात पीपीपी मोड पर विकसित किए जाने के लिए चयनित बस स्टेशनों के विकासकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। एडीटीसी व आरवीएसएफ के 4-4 नवीनतम केंद्रों के प्रमाण पत्र का भी वितरण होगा। सीएम योगी के हाथों चार नवीनतम ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के निवेशकों को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया जाएगा। जनसेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने विषयक चार व्यक्तियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।


## लगता है हमने भारत को खो दिया: ट्रम्प

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ अमेरिका में ऊंचे आयात शुल्क को लेकर द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आशंका जतायी है कि उनके देश के साथ भारत की दूरियां बढ़ गयीं हैं और वह संभवतः चीन के साथ जुड़ रहा है।

श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक संक्षिप्त पोस्ट में लिखा, ल्लऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को अति रहस्यमयी और अति खतरनाक चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य दीर्घ और समृद्ध हो।

इस कथन के साथ उन्होंने हाल ही में तियांजिन में संपन्न हुयी शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन और चीनी प्रमुख शी जिनपिंग की एक फोटो टैग की है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के सामान पर अमेरिका में 25 प्रतिशत की दर से ऊंचा शुल्क लगाने के साथ ही रूस का तेल खरीदने के लिए अमेरिका के आपातकाल के कानूनों के तहत शुल्क को दोगुना कर दिया है।



श्री ट्रम्प ने गुरुवार को नाटो के नेताओं के साथ बातचीत में उनसे रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने का सिलसिला बंद करने का भी दबाव डाला था। भारत ने श्री ट्रम्प के ताजा बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### भारत का ट्रंप की पोस्ट पर प्रतिक्रिया से इंकार

नयी दिल्ली 05 सितम्बर (वार्ता) भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और रूस के चीन के हाथों खोने संबंधी बयान पर कोई प्रतिक्रिया करने से इंकार किया है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यापार सलाहकार पीटर नवारों के बयानों को भ्रामक बताते हुए अस्वीकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में भारत अमेरिका संबंधों के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि दोनों देशों के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है और दोनों उसके एजेन्डे के प्रति बचनबद्ध हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि परस्पर सम्मान और साझा हितों के आधार पर ये संबंध आगे बढते रहेंगे। श्री ट्रंप के सोशल मीडिया पर भारत, रूस और चीन से संबंधित एक पोस्ट के बारे में पूछे गये सवाल पर प्रवक्ता ने कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। श्री नवारो के भारत के बारे में दिये गये बयानों पर उन्होंने कहा,ल्ल हमने श्री नवारो की गलत और गुमराह करने वाली टिप्पणियों को देखा है और से हम उन्हें अस्वीकार करते हैं। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रंप ने आज ट्रूथ सोशल पर एक संक्षिप्त पोस्ट में लिखा, ल्लऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को अति रहस्यमयी और अति खतरनाक चीन के हाथों खो दिया है।

## बिहार की तुलना बीड़ी से करने पर घिरी कांग्रेस, मांगी माफी

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई द्वारा बिहार की तुलाना बीड़ी से करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसे राज्य के लोगों का अपमान बताया है। भाजपा ने मोदी सरकार के जीएसटी सुधारों का विरोध करने के लिए केरल कांग्रेस द्वारा किए गए इस एक्स पोस्ट को बिहार विरोधी करार देते हुए प्रदेश को बुद्ध की धरती और अखंड भारत का निर्माता बताया। हालांकि इस प्रकरण पर विवाद बढ़ता देख केरल कांग्रेस ने पोस्ट डिलीट कर दिया और माफी भी मांग ली। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां को गाली दी और अब बिहार को बीड़ी से जोड़ा। उन्होंने कहा कि क्या तेजस्वी यादव इस अपमान का समर्थन करते हैं? तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, डीएमके और कांग्रेस की बिहार के प्रति नफरत साफ दिखती है।भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस और राजद बिहार विरोधी हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने पहले भी बिहारियों का अपमान करने वालों का साथ दिया है।बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस पोस्ट पर कहा कि लोकतंत्र मर्यादा और लोकलाज के सहारे चलता है। अगर सत्ता की इच्छा मर्यादा को भूल जाए, तो जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भारत की जनता लोकतंत्र को कमजोर नहीं होने देगी।पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस कितना नीचे गिर सकती है, पहले प्रधानमंत्री मोदी की मां का अपमान हुआ, अब बिहार की तुलना बीड़ी से की गई। उन्होंने राहुल गांधी से जवाब मांगा और कहा कि बिहार के गौरव का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा।केरल भाजपा के महामंत्री अनूप एंटनी जोसेफ ने कहा कि कांग्रेस ने बुद्ध की धरती बिहार को बीड़ी से जोड़कर अपमान किया।



## कारों में बम होने के व्हाट्सएप मैसेज के बाद मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर

- वाहनों की सघन तलाशी जारी, संयुक्त पुलिस आयुक्त ने कहा-सुरक्षा बल किसी भी खतरे से निपटने में सक्षम

एजेंसी

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की सडक़ों पर 34 वाहनों में 'मानव बम' रखे जाने संबंधी मैसेज के बाद मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर है।महाराष्ट्र के मुंबई में शनिवार को होने वाले गणपति विसर्जन को ध्यान में रखते हुए मुंबई पुलिस का तलाशी अभियान जोर शोर से जारी है। साथ ही मुंबई पुलिस ने व्हाट्सएप मैसेज भेजने वाले अज्ञात शख्स के विरुद्ध मामला दर्ज कर मैसेज की सत्यता और इसको भेजने वाले की तत्परता से छानबीन कर रही है। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने मुंबई वासियों से अफवाहों पर ध्यान नही देने की अपील की है।



मुंबई पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि गुरुवार रात को मुंबई ट्रैफिक पुलिस के नियंत्रण कक्ष की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर यह धमकी भरा मैसेज मिला था। इस मैसेज को भेजने वाले प्रेषक ने खुद को ''लश्कर-ए-जिहादी'' का सदस्य बताया और कहा कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस आए हैं। धमकी में यह भी कहा गया है कि विस्फोट के लिए लगभग 400 किलो आरडीएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे ''1 करोड़ लोगों की जान जा सकती है''। धमकी भरे मैसेज में दावा किया गया है कि 34 वाहनों में 'मानव बम' रखे गए हैं और ये पूरे शहर को हिला देंगे।

### भगवान महावीर के विचार आज भी देश-दुनिया में यथार्थ : ओम बिरला

अशोक नगर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भगवान महावीर के विचार आज भी देश-दुनिया में यथार्थ(उचित)हैं।उन्होंने कहा कि पर्युषण पर्व का विशेष महत्?व है। जैन समाज ही नहीं बल्कि सृष्टि पर रहने वाले हर व्?यक्ति को पर्युषण पर्व के महत्?व को समझना चाहिए। हमारे जीवन के अंदर हम नैतिकता, क्षमा, करूणा लाएं और अपने जीवन के अंदर हमेशा सत्?य, अहिंसा और करुणा का भाव रखें। पर्युषण पर्व के दस लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि सबके साथ एक जैसा भाव, हमेशा कल्याण का भाव होना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष बिरला शुक्रवार को मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में दिगम्बर मुनि सुधा सागर महाराज के 32वें श्रावक संस्कार शिविर को संबोधित कर रहे थे।


## लखनऊ में विदेश जैसी सुविधा वाला योग केन्द्र





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। योग प्राचीन भारतीय अनुशासन है, जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है, जिसका अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना। राजधानी लखनऊ में भी योग को बढ़ावा देने के लिए अत्यधिक सुविधाओं से युक्त योग केंद्र संचालित किया जा रहा है, जिसका नाम प्राण योगा है। गोमती नगर के विभव खंड में संचालित हो रहे इस प्राण योग के संचालक प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस जयशंकर मिश्र हैं। श्री मिश्र का दावा है कि इस योग केंद्र पर विदेशों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो राजधानी में बहुत से योगाभ्यास केन्द्र हैं, लेकिन हमारे जैसी सुविधाएं विदेश में ही संभव है। इस केंद्र के संचालन में में सूबे के पूर्व मंत्री प्रोफ़ेसर अभिषेक मिश्र भी सहयोगी हैं। इस योग केंद्र के अन्य संचालकों में अद्वित मिश्र, अक्षर मिश्र, नेशनल शूटर अर्चना अग्रवाल, सीईओ डाक्टर मंजूश्री मेहता, योग प्रशिक्षु यूएन उपाध्याय, योग प्रशिक्षु डाक्टर प्रियंका शुक्ला भी शामिल हैं।



# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्कृष्ट रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों को दी बधाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)ऽ2025 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के प्राप्त उत्कृष्ट रैंकिंग पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विश्वविद्यालयों, कुलपतियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान कार्यों, नवाचार तथा विद्यार्थियों के परिश्रम और समर्पण का सजीव प्रमाण है। एनआईआरएफ-2025 में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की स्थिति इस प्रकार रही। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय रैंकिंग श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 68वां, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 98वां तथा दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 151 से 200 बैंड में स्थान मिला। राज्य विश्वविद्यालय श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 23वां, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 27वां, किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 29वां, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को 41वां स्थान प्राप्त हुआ, जबकि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ने 51 से 100 बैंड में स्थान बनाया। प्राविधिक श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 60वां स्थान और हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर को 201 से 300 बैंड में स्थान मिला। मैनेजमेंट श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 83वां तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 100वां स्थान प्राप्त हुआ। आर्किटेक्चर श्रेणी में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग को 39वां स्थान मिला। ओवरऑल श्रेणी में किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 83वां तथा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 99वां स्थान प्राप्त हुआ। विधि श्रेणी में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 29वां स्थान प्राप्त हुआ। चिकित्सा विश्वविद्यालय श्रेणी में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ को 5वां तथा किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 8वां स्थान प्राप्त हुआ। फार्मेसी श्रेणी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी को 68वां तथा महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को 86वां स्थान प्राप्त हुआ।

## पुलिस चौकी में घुसकर एसआई-चौकीदार को पीटा 2 भाइयों ने खिड़कियों के शीशे तोड़े, एक गिरफ्तार

लखनऊ। पारा कोतवाली क्षेत्र की डॉक्टर खेड़ा चौकी में गुरुवार देर रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। रात करीब 1.30 बजे अजय गोस्वामी और उसका भाई मनोज गोस्वामी चौकी में घुस गए। दोनों ने चौकीदार लाल बहादुर से मारपीट की। आरोपियों ने चौकी में जमकर तोड़फोड़ की। उन्होंने खिड़कियों के शीशे तोड़े और सरकारी दस्तावेजों को फाड़ दिया। एसी और फर्नीचर को भी नुकसान पहुंचाया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजकुमार के पहुंचने पर उनसे भी मारपीट की और उनकी जेब से 1300 रुपए छीन लिए। पुलिस ने घेराबंदी कर रात करीब 3 बजे मुख्य आरोपी अजय गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। उसका भाई मनोज अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने लूटे गए 1300 रुपए भी बरामद कर लिए। शुक्रवार सुबह आरोपी के परिवार वालों ने थाने में हंगामा किया।

# कर्मचारियों को अब 20 साल की सेवा पर मिलेगी पूरी पेंशन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने पेंशन से जुड़े नियमों में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए कर्मचारियों के हित में एक नई घोषणा की है। अब केंद्रीय कर्मचारियों को सिर्फ 20 साल की नियमित सेवा के बाद भी पूरी पेंशन का लाभ मिलेगा। इससे पहले यह सीमा 25 साल थी, जिसे घटाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी।अब 20 साल की सेवा पर मिलेगी फुल पेंशन कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम से संबंधित नए नियमों को अधिसूचित किया है। कोई कर्मचारी 20 साल की सेवा पूरी करता है, तो उसे रिटायरमेंट पर पूरी पेंशन का अधिकार होगा। यह निर्णय लाखों कर्मचारियों को राहत देगा, खासकर उन लोगों को जो किसी कारणवश 25 साल की सेवा पूरी नहीं कर पाते थे। यूनिफाइड पेंशन स्कीम यानि यूपीएस केंद्र सरकार की एक नई पेंशन योजना है, जिसे 1 अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा। इसे नेशनल पेंशन स्कीम एनपीएस के विकल्प के रूप में पेश किया गया है।यूपीएस में कर्मचारी और सरकार दोनों का वित्तीय योगदान शामिल होता है, जिससे रिटायरमेंट के बाद सुनिश्चित पेंशन मिलती है। यूपीएस सिर्फ पेंशन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए कई अतिरिक्त लाभ भी शामिल हैंरू दिव्यांगता या मृत्यु की स्थिति में कर्मचारी या उसके परिवार को सीसीएस पेंशन रूल्स या यूपीएस के तहत किसी एक विकल्प को चुनने का अधिकार होगा। इस विकल्प से मृतक कर्मचारी के परिवार को सुरक्षित पेंशन सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार की ओर से रजिस्ट्रेशन या योगदान में देरी होने पर कर्मचारियों को मुआवजा भी मिलेगा। एनपीएस से यूपीएस में स्विच करने का मौका जो कर्मचारी वर्तमान में नेशनल पेंशन स्कीम के अंतर्गत हैं, वे चाहें तो वन टाइम वन वे विकल्प के तहत यूपीएस में स्विच कर सकते हैं। इसके लिए कुछ शर्तें तय की गई हैंरू। कर्मचारी रिटायरमेंट से एक साल पहले या वीआरएस स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने से तीन महीने पहले यूपीएस चुन सकते हैं लेकिन जिन कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई चल रही है या जो किसी जांच के दायरे में हैं, वे इस विकल्प का लाभ नहीं उठा सकेंगे। स्विच करने की अंतिम तारीख 30 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है।

# बीजेपी एमएचए केतकी को लीगल नोटिस, सपा ने कहा टोटी चोर बयान पर माफी मांगे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर टोटी चोरी का आरोप लगाने वाली भाजपा विधायक केतकी सिंह को समाजवादी पार्टी ने लीगल नोटिस भेजा है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया ने विधायक को नोटिस भेजकर 15 दिन के भीतर सार्वजनिक और लिखित माफी मांगने को कहा है। माफी नहीं मांगने पर 5 करोड़ रुपए का मानहानि दावा ठोकने की चेतावनी भी दी है। भाजपा विधायक केतकी सिंह ने 3 सितंबर को पीसी में कहा था कि अखिलेश यादव मुख्यमंत्री आवास से टोटियां (नल) उखाड़कर ले गए थे। नोटिस में कहा गया कि यह बयान पूरी तरह झूठा, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक है। इसे सुनियोजित तरीके से अखिलेश यादव और सपा की छवि धूमिल करने के लिए दिया गया है। नोटिस के मुताबिक, विधायक का यह बयान टीवी चौनलों और सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित हुआ। इसके चलते सपा कार्यकर्ताओं को टोटी चोर कहकर बदनाम किया जा रहा है। सपा अधिवक्ता सभा ने कहा कि विधायक 15 दिन के अंदर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो अदालत में 5 करोड़ रुपए का मानहानि केस दायर किया जाएगा। नोटिस में यह भी आरोप है कि विधायक ने बयान दिया था कि ऐसे काम सपा के डीएनए में हैं। पार्टी का कहना है कि यह टिप्पणी सपा और उसके लाखों कार्यकर्ताओं की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली है। बलिया में बांसडीह से भाजपा विधायक केतकी सिंह ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर हमला बोला था। अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए केतकी सिंह ने कहा था इन समाजवादियों में शर्म नहीं है। इतना बेइज्जत होने के बाद कम-से-कम टोटी लौटाने की बात तो अपने मुंह से कह सकें। उन्होंने कहा था अखिलेश यादव हर किसी से हिसाब मांगते रहते हैं, लेकिन अपनी टोटियों का कभी हिसाब नहीं दिया। टोटियां उठाकर जो ले गए हो साहब, वो यूपी की जनता को वापस करो। जनता खोज रही है। उसके बाद जिन-जिन चीजों का हिसाब आप मांग रहे हैं, दे दिया जाएगा।

## राजाजीपुरम में नाला निर्माण के दौरान दीवार ढही, 4 मजदूर दबे,एक की हालत गंभीर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में राजाजीपुरम डी ब्लॉक में नाला निर्माण के दौरान दीवार ढहने से 4 मजदूर मलबे में दब गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ, जब नगर निगम की ओर से जल निकासी के लिए नाला निर्माण कार्य चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खुदाई का काम बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के शुरू किया गया था। दीवार गिरने की वजह से शैलेश, शंकु, दीपू और प्रमोद नामक मजदूर मलबे के नीचे दब गए। सभी मजदूर सीतापुर जनपद के निवासी हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मकान मालिक अर्चना त्रिवेदी ने बताया- सुबह से बिना किसी सूचना और सुरक्षा इंतजाम के खुदाई शुरू कर दी गई थी। जैसे ही गहरा गड्ढा हुआ, हमारे घर की दीवार गिर गई।

# अखिलेश की गाड़ियों का 8 लाख का चालान कटा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- टोटी चोरी कांड को कभी नहीं भूल सकता, अवनीश अवस्थी ने कराया था: अखिलेश



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की गाड़ियों का 8 लाख का चालान कटा है। उन्होंने खुद शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका खुलासा किया है। अखिलेश ने कहा कल ही मुझे अपने काफिले की गाड़ियों के चालान मिले। मैंने कागज को पलटकर भी नहीं देखा। क्योंकि सरकार ने चालान किया। उनके कैमरे में हमारी गाड़ी आई होगी। हमने कहा ठीक है। चालान मंजूर है। 8 लाख रुपए का चालान देना था, मैंने कहा दे दो। इसके पीछे की कहानी होगी कि जो सिस्टम (कैमरा) चला रहा होगा, वो भाजपा का नेता होगा। मैं उसे ट्रेस करूंगा कि वो भाजपा का है या नहीं। भाजपा विधायक केतकी सिंह के टोटी चोरी के आरोपों पर अखिलेश ने जवाब दिया। कहा अगर हमारे ऊपर इल्जाम लगे कि हम टोटी ले गए। हमारे घर को गंगा जल से धुलवाओगे आप? आप भूल सकते हो, मैं नहीं भूल सकता। टोटी चोरी वाले मामले को लेकर एक अखबार ने स्टिंग आपरेशन किया था। एक पत्रकार ने पूरी जानकारी हासिल की थी। इसमें सामने आया था कि एक आईएएस अवनीश अवस्थी है। एक भाग गया ओएसडी कौशिक (अभिषेक कौशिक)। उसकी हाइट डस्टबिन जितनी है। ये बात हम लोग भूलने वाले नहीं हैं। ये सरकार भी जान ले और सरकार को चलाने वाले भी जान लें। मैने कह दिया कि अवनीश ने ये कांड कराया था। जीएसटी की दरों में बदलाव पर अखिलेश ने कहा यह सब चुनाव को देखकर किया गया। मुनाफाखोरी कम नहीं हो रही है। ट्रम्प के टैरिफ ने भाजपा के लोगों के मुंह पर ताला लगा दिया। मेक इन इंडिया की बात करने वाले लोग हमारे बाजारों में चीन का माल भर दे रहे हैं। चीन का सामान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को पूरी तरह खत्म कर देगा। मीडियाकर्मियों ने पूछा मंत्री संजय निषाद ने भाजपा से गठबंधन तोड़ने की धमकी दी है। इस पर अखिलेश ने कहा मैं वैल्यू किसी की नहीं बढ़ने दूंगा। सरकार पढ़ने नहीं देना चाहती है, क्योंकि पढ़े लिखेंगे तो वो सरकार से सवाल करेगा। सरकार जवाब नहीं देना चाहती। शिक्षा से आत्मबल मिलता है, शिक्षक पॉजिटिव सिखाता है, प्रोग्रेसिव रास्ता दिखाता है। नौकरी भाजपा के एजेंडे में नहीं है। अगर ऐसा होता तो 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को आंदोलन नहीं करना पड़ता। 27 हजार स्कूल बंद कर दिए गए। सरकारी यूनिवर्सिटी में एक ही रंग के लोगों को बैठा कर छात्रों का भविष्य खराब किया जा रहा है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों पर लाठीचार्ज किया जाना अपमानजनक है। इस सरकार हर जगह भ्रष्टाचार और वसूली हो रही है। एबीवीपी का आंदोलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए। क्योंकि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। ये परिषद और वाहिनी की लड़ाई है। जो कुर्सी पर बैठे हैं, वो भाजपा के सदस्य नहीं हैं। भाजपा के न जाने कितने लोगों का भविष्य खाकर वो कुर्सी पर बैठे हैं। मैं जन्माष्टमी के दिन से दिन गिन रहा हूं, अब सरकार के 493 दिन बचे हैं। संजय निषाद और राजभर के सवालों पर कहा मैं वैल्यू किसी की नहीं बढ़ने दूंगा। जब से ये हारे हैं वे जानते हैं कि वे अब यूपी में नहीं आने वाले। भाजपा के लोग पूरा सिस्टम चला रहे हैं। पुलिस पैसा वसूल रही है। सरकार प्रधानी का एक वोट नहीं काट पाएगी। अगर ऐसा हुआ तो प्रधानी का चुनाव लड़ने वाले सीधा कोर्ट जाएंगे। भाजपा इस्तेमाल करने वाली पार्टी है। पहले इस्तेमाल करेगी फिर बर्बाद करेगी। बीजेपी बीजेपी की सगी नहीं है।

## डंपर ने युवक को रौंदा, गाड़ी बैक करते समय पहिए के नीचे आया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। सरोजनी नगर में शुक्रवार सुबह एक युवक को डंपर ने रौंद दिया। घटना सुबह 8.30 बजे स्कूटर इंडिया-पिपरसंड रोड पर स्कूटर इंडिया गेट नंबर-1 के पास हुई। मृतक की पहचान उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर निवासी ललई (35) के रूप में हुई है। युवक मौरंग से भरे डंपर को बैक करा रहा था। डंपर चालक वाहन को आगे-पीछे कर रहा था। ललई पीछे खड़े होकर चालक को निर्देश दे रहा था। इसी दौरान वह अचानक डंपर के पिछले पहिए के नीचे आ गया। घटना के बाद डंपर चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक ललई के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और दो बेटियां हैं।

## उच्च शिक्षा मंत्री पहुंचे केजीएमयू घायल छात्रों का जाना हालचाल

लखनऊ। श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के पुलिस के लाठीचार्ज में घायल एलएलबी के छात्रों से उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किंग चार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचकर भेंट की और उनका हालचाल जाना।उच्च शिक्षा मंत्री को घायल छात्रों ने पुलिसिया बर्बरता की वीडियो दिखाई और अपने दर्द का इजहार किया। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा, योगी सरकार छात्रों के साथ खड़ी है। उनके हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि घायल छात्रों को देखकर स्पष्ट है कि लाठीचार्ज पूरी तरह से अमानवीय और पाशविक कृत्य था। उच्चशिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस घटना में संलिप्त पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और मंडलायुक्त को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा परिषद के सचिव दिनेश राजपूत की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई गई है। कोई भी दोषी बचने नही पायेगा । हर पहलू की जांच की जा रही है। योगी आदित्यनाथ की सरकार में यह सब नही चलने वाला है।

# यूपी खेलेगा हैंडबॉल, थीम सॉन्ग लॉन्चय २५ दिसंबर को उद्घाटन, ३९ मैच खेले जाएंगे

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएच) की तर्ज पर यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का आयोजन होगा। 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर लीग का उद्घाटन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जाएगा। शुक्रवार को राणा प्रताप मार्ग स्थित एक होटल में ट्रॉफी को रिवील किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर आनंदेश्वर पांडेय मौजूद रहे। लीग में उत्तर प्रदेश के 20 इंटरनेशनल हैंडबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान लीग की प्रतिभागी आठ टीमों के नाम भी घोषित किए गए। इस लीग के ब्रांड एम्बेसडर नवीन पूनिया (भारतीय हैंडबॉल टीम के पूर्व उपकप्तान बनाए गए हैं। लीग में 150 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें 130 खिलाड़ी यूपी से होंगे, जबकि 20 खिलाड़ी बाहर से रहेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि यह ट्रॉफी प्रदेश में हैंडबॉल खेल के गौरव और नई संभावनाओं का प्रतीक है। इस लीग से प्रदेश में हैंडबॉल खेल को को नई ऊंचाई मिलेगी। यह लीग न केवल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव दिलाएगी, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह भी भरेगी। आने वाले वर्षों में यह लीग उत्तर प्रदेश को हैंडबॉल का हब बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पहले सीजन में आठ टीमें हिस्सा ले रही है और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में और भी टीमें इस लीग में शामिल होंगी। यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के संस्थापक निदेशक और कार्यकारी महासचिव अमित पांडेय ने कहा कि इस लीग की ट्रॉफी केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि यह यूपी के खेलों के बढ़ते सम्मान और पहचान का प्रतीक है। प्योर मेटल से बनी और 22 कैरेट गोल्ड प्लेटिंग से सजी इस ट्रॉफी में हैंडबॉल के नेट और गेंद का डिजाइन शामिल है, जो खेल की सटीकता, एकाग्रता और तीव्रता का संदेश देता है। अमित पांडेय का कहाना है कि दिसंबर में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय हॉल में होने वाली लौग में आठ टीमें भाग लेंगी और कुल 39 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं है, बल्कि प्रदेश के खिलाड़ियों को ऐसा मंच देना है। जहां ये अपनी प्रतिभा को निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकें। हमने इसे पेशेवर स्वरूप देने के लिए फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों की नीलामी की प्रक्रिया भी तय की है, जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी। लीग की विजेता टीम को 10 लाख रुपए, उपविजेता को 7 लाख रुपए और तीसरे चौथे स्थान पर रही टीम को 2.5-2.5 लाख रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा। मेरठ राउडीज, अलीगढ़ वारियर्स, काशी रुद्रास, लखनऊ लेपर्ड्स, गाजियबाद थंडर्स, अयोध्या रक्षक, नोएडा ब्लास्टर्स और आगरा टाइटंस हैं। इसके साथ ही 20 हैंडबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसमें पुरुष वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मोहित यादव (लखनऊ), शुभम सिंह (साई सैफई), अंकित चौधरी (गाजियाबाद), अनीश यादव (श्यामा हैंडबॉल अकादमी, वाराणसी), राष्ट्रीय खिलाड़ी अनुभव सिंह (प्रयागराज), निहाल, अमित सिंह, शुभम सरोज (यूपी पुलिस), रजनीश सिंह (श्यामा हैंडबॉल अकादमी, वाराणसी), रोहन (लखनऊ) सम्मानित हुए।

## समाज का दर्पण होता है शिक्षक: रालोद

लखनऊ। शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय लोकदल ने आचार्यों, गुरुओं एवं शिक्षकों का हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन किया गया। मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं। शिक्षक वह शक्ति हैं, जो साधारण बालक को जिम्मेदार नागरिक बनाने की सामर्थ्य रखते हैं। आज का दिन हमें भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की शिक्षाओं और उनके आदर्शों की याद दिलाता है। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा साधन माना और सदैव ज्ञान, विवेक एवं नैतिकता को प्राथमिकता दी।राष्ट्रीय लोकदल मानता है कि शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं बल्कि जीवन जीने की कला और समाज को सही दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। डॉ. राधाकृष्णन ने जीवन से सिद्ध किया कि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक नहीं पढ़ाता बल्कि समाज की आत्मा का निर्माण करता है। वर्तमान समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब शिक्षक ही विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना भर सकते हैं। शिक्षक दीपक की भांति स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को आलोकित करते हैं। ऐसे में समाज और सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि शिक्षकों को उचित सम्मान और सुविधाएं मिलें।राष्ट्रीय लोकदल शिक्षकों के योगदान को नमन करता है। संकल्प दोहराता है कि पार्टी हर स्तर पर शिक्षा और शिक्षकों की गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# लायंस क्लब सेंचुरी ने मनाया शिक्षक दिवस



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**आठ महिला शिक्षकों को अंगवस्त्र और उपहार देकर किया गया सम्मानित**

लखनऊ, आरपी न्यूज। शिक्षक की मानव जीवन के विकास में एक अहम भूमिका है। किसी भी शिक्षक की निस्वार्थ सेवा लगन एवं बच्चों को एक अच्छा व्यक्ति बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

हर वर्ष की तरह इस बार भी शुक्रवार 5 सितंबर को भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म उत्सव को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। लायंस क्लब सेंचुरी एवं लियो क्लब द्वारा भी क्रेयान किड्स प्रीस्कूल इंदिरा नगर में यह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आठ महिला शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर और उपहार प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर द्वितीय बीडीजी लायन दलजीत सिंह टोनी जी, पूर्व गवर्नर लायन विशाल सिन्हा, क्लब के रीजन चेयरपर्सन लायन रूप कमल समेत लायंस क्लब सेंचुरी और लियो क्लब के अन्य सदस्यों ने उपस्थित होकर गरिमामय बनाया।

# सीईसी का फरमान, बढ़ाई जाए मतदेय स्थलों पर मतदाता सुविधायें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मतदेय स्थल में सुविधाओं की उपलब्धता बीएलओ एप पर सही से प्रविष्टि कराया जाए: नवदीप रिणवा



लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अयोध्या के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने, मतदेय स्थलों पर मतदाताओं हेतु सुविधा, मतदाता सूची में उचित संख्या में अनुभाग बनाने, मतदाता सूची में 18 एवं 19 आयुवर्ग के युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह तथा समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, वीआरसी आपरेटर उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी विधान सभा निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने, मतदाता सूचियों में मतदाताओं की धुंधली, काली, अस्पष्ट तथा मानक के अनुरूप न पाये जाने वाली फोटो को हटा कर उनके स्थान पर स्पष्ट व मानकानुसार फोटो अपलोड करने तथा मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों को हटाने व मतदाताओं के मकान संख्या को सही से अंकित कराये जाने के निर्देश दिये। वर्तमान मतदाता सूची में मतदाताओं के नामों में त्रुटि , मतदाता की फोटो त्रुटिपूर्ण होने, मकान नम्बर की जगह शून्य दर्ज होने के उदाहरणों के माध्यम से वांछित सुधारों के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची की ऐसी त्रुटियों को सही कराने के लिए मतदाताओं से फार्म-8 भरवाकर एक माह के भीतर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिये।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में 18 एवं 19 आयुवर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं के अनुपात में 4 से 4.5 प्रतिशत होनी चाहिए। अयोध्या की विधानसभाओं में ऐसे मतदाताओं की संख्या अभी मात्र एक प्रतिशत है। इसका मतलब है कि जिला अयोध्या के अधिकांश 18 एवं 19 आयु वर्ग के युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में अंकित नहीं हैं । ऐसे युवाओं को चिन्हित करने और उन्हें मतदाता बनाने के लिए माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों का सहयोग लिया जाए। शिक्षकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण देकर कर यह कार्य समय से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अयोध्या की जनसंख्या के लिंगानुपात के अनुरूप मतदाता सूची में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ईआरओ को फॉर्म-8 भराकर दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हीकरण मतदाता डेटाबेस में करने के निर्देश दिए। डाटाबेस में चिन्हीकरण होने पर दिव्यांग मतदाता भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम मोबाईल ऐप के माध्यम से चुनाव के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी से व्हीलचेयर आदि सुविधाओं की मांग कर सकते है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रति मतदेय स्थल पर 1500 मतदाताओं के मानक को कम कर 1200 मतदाता कर दिया है। इससे चुनाव के दिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की भीड़ कम होगी और लंबी लाइनें नही लगेंगी। अब चुनाव के दौरान मतदाता मतदेय स्थल पर ज्यादा देरतकप्रतीक्षा किए बगैर आसानी से अपना मत डाल सकेंगे। मतदाता सूची भी बड़ी नहीं होगी। बीएलओ के लिए मतदाता सूची का सत्यापन एवं रखरखाव करना आसान होगा । इन कार्यो से मतदाताओं को मतदान को लेकर सुविधा होगी और एक सुखद अनुभूति होगी। मतदेय स्थलों पर न्यूनतम आश्वासित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए , जिसमें पीने का साफ पानी, महिला एवं पुरुष मतदाताओं के लिए शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था, मतदेय स्थल पर पर्याप्त बिजली की व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं की व्हीलचेयर के लिए मतदेय स्थल पर स्थायी रैम्प उपलब्ध हो। अयोध्या में अभी 99 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर ही यह सुविधाएं उपलब्ध है, जहां कहीं पर भी कोई कमी है उसे यथाशीघ्र पूरा कराया जाए। 83 साल की आयु से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं का शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाय, जिससे ऐसे मतदाताओं की वास्तविक संख्या का पता चल सके जो 2027 के विधानसभा चुनाव के दौरान 85 वर्ष से अधिक आयु के होंगे जिससे वर्ष 2027 के चुनाव में घर पर रहकर वोट डालने के लिए पात्र अधिकतम मतदाताओं की संख्या का सही आंकलन किया जा सके। ईआरओ, एईआरओ,बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर को सघन प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन कर सकें। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अफसरों के दो रिक्त पदों को एक सप्ताह के भीतर भरे जाने की कार्रवाई की जाए।

# बरनई चतरखा में आयोजित हुआ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम



- श्रीमती कृष्णा कुमारी सेवा संस्थान ने करीब पांच दर्जन महिलाओं में बांटी साड़ी
- दो दर्जन जरूरतमंद विकलांगों को सहायक उपकरण भी दिए गए
- विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू भी मौजूद रहे





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** अपने सेवा कार्यों के क्रम में श्रीमती कृष्णा कुमारी सेवा संस्थान ने बरनई चतरखा गांव में संस्था की अध्यक्ष शालिनी सिंह के नेतृत्व में महिलाओं को सम्मान स्वरूप साड़ी और दिव्यांगों को जरूरी सामान वितरित किए। इस मौके पर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू विशेष रूप से मौजूद रहे।

सेवा संस्थान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। अपने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के क्रम में श्रीकृष्णा कुमारी सेवा संस्थान ने करीब पांच दर्जन जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरित किया। इसके अलावा करीब दो दर्जन से अधिक जरूरतमंद दिव्यांगो को ट्राई साइकिल, कान की मशीन, चश्मा, वाकिंग स्टिक और अन्य जरूरी उपकरण दिए गए। यह संस्थान लगभग हर साल इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

इस मौके पर विधायक मानवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार भी इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करती रहती है। विधायक ने जीएसटी दरों में कमी के बाद आम जनता को होने वाले फायदे के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि जनसेवा करना हम सभी का कर्तव्य है, और जब भी मौका मिले हमें ये काम करना चाहिए। इस मौके पर मौजूद लखीमपुर बार के अध्यक्ष अवधेश सिंह और अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, लखीमपुर की अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र मिश्र के साथ पुष्पेन्द्र सिंह और विधायक प्रतिनिधि डॉ० रजनीश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## शिक्षकों को समाजवादी शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशो का अनुपालन करते हुए आज दिनांक 5 सितंबर 2025 को भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय हरदोई पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर सपा के जिला पदाधिकारियो एवं समाजवादी शिक्षक सभा के शिक्षकों द्वारा मनाई गई समाजवादी शिक्षक सभा के शिक्षकों को समाजवादी शिक्षक रत्न सम्मान से भी सम्मानित किया गया सभी शिक्षकों ने डॉ राधाकृष्णन की जीवन शैली पर विचार रखते हुए उन्हें अपनाने का भी संकल्प लिया गया। गोष्टी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री शराफत अली ने कहा की शिक्षक समाज का दर्पण होता है और समाज को अच्छा बनाने के लिए उनमें अच्छे संस्कार भी पैदा करता है।

समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर जैनुल खान ने कहा कि सपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव भी एक शिक्षक थे और उन्हे शिक्षको के सुख.दुख की पूर्ण जानकारी थी सपा की सरकार में शिक्षकों के मान-सम्मान एवं हितों की रक्षा की गई शिक्षामित्रो को मानदेय से हटाकर पूर्ण वेतन देने का काम समाजवादी सरकार ने किया था जिला कार्यालय पर शराफत अली द्वारा शिक्षकों को माल्यार्पण कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में श्री अरविंद कुमार लाल सुरेंद्र प्रताप सिंह घनश्याम दास मोहम्मद सलीम सीमा कुमारी सुमन मुख्य थे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल अमित बाजपेई राहुल गुप्ता फूलचंद वर्मा धर्मवीर यादव अलका दीक्षित परिवेश श्रीवास्तव कुकू हरिनाम यादव गिरिजा शंकरपाल राहुल यादव नगर अध्यक्ष रियासत खान संतोष वर्मा अनीश मंसूरी मनोज शुक्ला मोतीलाल यादव शिवा यादव स ईद अहमद शिक्षक सभा के जिला महासचिव महेश प्रसाद वर्मा उपाध्यक्ष बृजलाल वर्मा महेंद्र कुमार वर्मा वीरभान सिंह अनुज यादव राजीव कुमार राजवीर सिंह दीपू यादव हारून अली आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मंहगाई ने महिलाओं की रसोई का बजट बिगाड़ हैः उमा राजवंशी



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिला कांग्रेस कार्यालय की मसिक बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि भाजपा सरकार आम आदमी की मूल भूत मुद्दों से भटक कर देश पर तानाशाही थोपना चाह रही है ए हरदोई जैसे बड़ी आबादी वाले शहर में न सड़के ठीक है न ही स्वास्थ्य सुविधाएं ठीक है लेकिन यहां जनप्रतिनिधि अपनी जेब भरने में लगे हैं, पूरे प्रदेश में अगर कोई सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर भी जाता है उसके खिलाफ यह मुकदमा लिख कर जेल में डालने की साजिश रचते है लेकिन अब इनकी तानाशाही का अंत होने वाला है जनता बदलाव के मूड में है इसीलिए कांग्रेस संगठन सृजन के तहत वार्ड तक गठन कर लिया है अब बहुत जल्दी बूथ कमेटी भी गठन होगी। शहर उपाध्यक्ष उमा राजवंशी ने कहा कि मंहगाई ने महिलाओं की रसोई का बजट बिगाड़ है, बच्चों की फीस पर सरकार का अंकुश न होने के कारण आम आदमी का जीना दुश्वार है लेकिन सरकार के लोग झूठी और मनगढ़ंत बाते बना रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने वालो में मुख्य रूप से अंकित कुमार, राकेश कुमार, अनुराग सिंह, राहुल कुमार, लक्ष्मी वर्मा, आकाश सोलंकी, अफसर अली, सुधीर कुमार, अनूप सिंह आदि लोगों ने सदस्यता ली।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक





नीरज कुमार जादौन ने पाली क्षेत्र के अन्तर्गत बाबरपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावितों से संवाद किया तथा प्रशासन द्वारा दी जा रही सहायता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कैंप व पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए कैंप को भी देखा तथा स्पष्ट निर्देश दिये कि क्षेत्र में बीमार लोगों को दवा का वितरण किया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को उन्होंने निर्देशित किया कि पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच कर ली जाए तथा बीमार पशुओं को दवा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने लोगों से कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लोग बाढ़ शरणालय में चले जाएं। उनके द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत किट व फूड पैकेट भी वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन घरों में खाना पकाना संभव न होए उनको पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जाए। जरूरतमंदों को राशन किट उपलब्ध कराई जाए। निजी पशुओं के रहने के लिए भी शरणालय की एक व्यवस्था बनाई जाए। लोगों को क्लोरीन की गोलिया दी जाये तथा क्षेत्र मे फागिंग करायी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी मयंक कुंडू, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** महिला कल्याण विभाग के द्वारा संचालित संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अन्तर्गत सितंबर माह मे 10 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के अन्तर्गत गतिविधि कार्यक्रम यौन एवं प्रजनन




स्वास्थ्य कार्यक्रम का जनपद हरदोई के 100 शैय्या अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया व गर्भवती महिलाओ को पोषित आहार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप से मिथलेश वर्मा, सुरभि सिंह हब फॉर इंपावरमेंट से पल्लवी मिश्रा मौजूद रहे।

## अनियमितताओं के आरोप में मुख्य अध्यापिका निलंबित

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकासखंड कछौना की ग्राम सभा लोन्हरा के मजरा नैरा गांव के संविलियन विद्यालय की प्रभारी मुख्य अध्यापिका पर लगे आरोपों की जांच करने पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी की संस्तुति पर संबंधित अध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ० बृजेश त्रिपाठी द्वारा शनिवार को औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रभारी मुख्य अध्यापिका दीपिका तिवारी बिना पूर्व सूचना के नदारत मिली। आरोप यह भी है कि वह अपने हस्ताक्षर कार्य दिवस के पहले ही कर लेती हैं। विद्यालय बहुत कम आती है तथा विद्यालय के महत्त्वपूर्ण अभिलेख अपने साथ लखनऊ में रखती है। निरीक्षण में विद्यालय की हालत भी असंतोषजनक पाई गई। परिसर में बड़ी-बड़ी घास, अक्रियाशील शौचालय व कंपोजिट ग्रांट का उपयोग न होना जैसी कई अनियमितताएं मिली। निरीक्षण के समय 175 छात्रों में से मात्र 76 छात्र ही उपस्थित मिले। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ० ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कई चेतावनियों के बावजूद भी स्थिति में सुधार न कर सकी जो कि अनुशासनहीनता को दर्शाता है, जिस पर कार्रवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मंगलवार को सम्बंधित अध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी भरखनी को सौंपी गई है, जिसकी रिपोर्ट सात दिनों के अंदर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।



# अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती ने किया शिक्षकों को सम्मानित

- सांडी हरदोई मे आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान समारोह




राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** शुक्रवार को प्रख्यात शिक्षाविद एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक



दिवस पर सांडी हरदोई मे शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा द्वारा माँ शारदे व् डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती ने राष्ट्र निर्माण मे शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए जनपद हरदोई के शैक्षणिक उत्थान हेतु अपना सर्वस्व जीवन समर्पित करने वाले गुरुजन को सम्मानित कर, शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रदान कीं। शिक्षक सम्मान समारोह मे प्रमुख रुप से कार्यक्रम आयोजक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् सांडी दिनेश गुप्ता, वरिष्ठ अध्यापक रामदास पाठक, बैरिस्टर सिंह यादव, रामशंकर पाठक, हरिश्चन्द्र कुशवाहा, नजर अहमद व् मंच संचालक रामकिशोर मस्ताना सहित गुरुजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा पाली मंडल के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं संगठनात्मक बैठक हुई सम्पन्न





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पाली ( हरदोई )।** सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पाली मंडल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकए मोर्चों के मण्डल अध्यक्ष का पंत इंटर कॉलेज पाली में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू के निर्देशन में संपन्न हुआ।

समारोह में मण्डल प्रवासी पाली जैनेंद्र प्रताप सिंह ने सभी मण्डल पदाधिकारियों एवं शक्ति केन्द्र संयोजक तथा मोर्चों के मण्डल अध्यक्षों का अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। यह कार्यक्रम पंत इण्टर कॉलेज पाली में आयोजित किया गया। जैनेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को पार्टी की असली ताकत बताया। उन्होंने सभी पदाधिकारियोंएशक्ति केन्द्र संयोजकों तथा बूथ अध्यक्षों से अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का अनुरोध किया। साथ ही बूथ कमेटी को मजबूत बनाने और सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान भी किया राकेश रंजन त्रिवेदी मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत चुनाव 2026 एवं विधानसभा चुनाव 2027 में पुन: भाजपा सरकार बनाने के लिए करणी बिंदु प्रत्येक मंडल स्तर पर होने चाहिए। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के प्रभारियों का दायित्व निर्धारण स्नातक विधान परिषद चुनाव शिक्षक विधान परिषद चुनाव प्रत्येक अभियान हेतु एक संयोजक और एक सह संयोजकों की नियुक्ति की गई जातिवार प्रभावशाली व्यक्तियों और युवाओं, किसानों, महिलाओं और अनुसूचित जातियों के सक्रिय और प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची का कार्य किया जाए प्रत्येक बूथ से सोशल मीडिया पर सक्रिय युवाओं की सूची। अधिवक्ताओं, सेवानिवृत्त शिक्षकों, सैनिकों, धार्मिक व्यक्तियों, विभिन्न सेवाओं से सेवानिवृत्त व्यक्तियों की सूची इसके अतिरिक्त 2 शक्ति केंद्र पर एक मण्डल पदाधिकारी को प्रभारी और उनके साथ एक सह प्रभारी की नियुक्ति की गई इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे राकेश रंजन त्रिवेदी मंडल अध्यक्ष, अनुज मिश्रा, शिवम तिवारी नि० मंडल अध्यक्ष, संदीप मिश्रा, आदेश सिंह, संजीव सिंह, हरिशंकर गौतम, श्रीपाल कश्यप, राम प्रताप सिंह मंडल महामंत्री, बाबू बाजपेई, कुलदीप त्रिपाठी, आशीष सिंह मोनू, रामू सिंह, रामू कुशवाहा, महावीर कुशवाहा, अजीत गुप्ता, मंजू गुप्ता, मधु मिश्रा, गीता गुप्ता,रमेश राजपूत, अनिल सिंह, अजय कुमार, रामबीर सिंह, रितेश शुक्ला आदि भाजपा पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस पर विधायक ने शिक्षकों का किया सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**सवायजपुर ( हरदोई )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्लाक हरपालपुर के प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव पर आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने सम्मिलित होकर मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया शिक्षक दिवस के अवसर पर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने अंग वस्त्र माला व स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर शिक्षकों का सम्मान किया। विधायक ने मेधावी बच्चो को भी पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयभान जी शिक्षक संघ के पदाधिकारी आलोक मिश्रा सेवानिवृत्त वरिष्ठ सम्मानित शिक्षक राम प्रताप पाण्डेय वरिष्ठ अधिवक्ता अवनीकान्त बाजपेई भाजपा जिला उपाध्यक्ष आजाद सिंह भदौरिया ग्राम प्रधान बड़ागांव अमित मिश्रा चाऊंपुर जितेन्द्र सिंह तोमर कार्यक्रम संयोजक सरोज भदौरिया दीपांशु सिंह रजनीश त्रिपाठी सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रीय सम्मानित जन उपस्थित रहें।

## बड़े ही धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र के मां भगवती इंटर कॉलेज पुरेला में बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया आपको बता दें कि भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर पूरे देश में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में मां भगवती इंटर कॉलेज पुरेला में प्रधानाध्यापक मनोज शुक्ला द्वारा पूर्व राष्ट्रपति व भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किए गए। इस मौके पर शिक्षक शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और शिक्षक शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।



## मदद का संकल्प

उत्तर से दक्षिण भारत तक जब भी कोई आपदा या संकट देश पर आया है, पंजाबियों ने आगे बढ़-चढ़कर पीड़ितों की मदद की है। पंजाब की धरा से गुरुओं व पीर-पैगम्बरों ने मानवता के उत्थान व मिल-जुलकर खाने की सीख दी है। गुरुओं का यह संदेश देश-दुनिया में प्रेरणा का प्रतीक बना हुआ है। ऐसे वक्त में जब पंजाब बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहा है तो शेष देश के लोगों को निस्वार्थ भाव से आगे आने की जरूरत है। उल्लेख करना जरूरी है कि पंजाब के लोग हमेशा बेहद स्वाभिमानी रहे हैं। इस सीमावर्ती राज्य ने गाहे-बगाहे विभिन्न चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है। मध्यकाल में विदेशी आक्रांता रहे हों या आजादी के बाद पाकिस्तान के आक्रमण, पंजाबियों ने भारत की सुरक्षा ढाल बनकर जीवटता का परिचय दिया है। यहां जरूरी है कि किसी मदद से पहले पंजाबियों के स्वाभिमान का विशेष ख्याल रखा जाए। यूं तो इस आपदा की घड़ी में सेना के अलावा पंजाब के विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठन अपने स्तर पर लोगों को संकट से उबारने के काम में प्राणपण से लगे भी हुए हैं। लेकिन आपदा का बड़ा स्तर देखते हुए शेष देश से योगदान की उम्मीद की जा रही है। निस्संदेह, आपदा का दायरा बड़ा है, जिसमें राज्य के 23 जिलों में करीब तीन लाख से अधिक लोग जलप्लावन का त्रास झेल रहे हैं। बड़े पैमाने पर कृषि भूमि जलमग्न हुई है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि संकट की इस घड़ी ने लोगों को स्वतरूस्फूर्त रूप में एकजुट किया है। पंजाबियों का जज्बा देखिए कि सरकारी मदद पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने उफनते पानी में नावें उतार दीं। उन्होंने न केवल पड़ोसियों, बच्चों-बूढ़ों को बचाया, बल्कि पशुओं को बचाने के लिये भी भरसक प्रयास किए। सारी दुनिया में मानवता का पर्याय बने लंगर लगाए गए। जगह-जगह अस्थायी आश्रय स्थल बनाए गए। बिना किसी संकोच के राशन बांटा गया। निस्संदेह, पंजाबियों की यह भावना कोई पहली बार नहीं देखी गई। अपने देश में ही नहीं, विदेशों में भी मदद के तमाम प्रेरणादायक उदाहरण हमारे सामने हैं। अब चाहे तुर्की का भूकंप हो या केरल में प्राकृतिक आपदा का तांडव, पहले प्रतिक्रिया देने वालों के रूप में पंजाबियों की विशिष्ट पहचान रही है। खालसा एड, यूनाइटेड सिख्स, हेमकुंट फाउंडेशन और अनगिनत स्थानीय गुरुद्वारों से जुड़े संगठनों ने मुश्किल वक्त में तेजी से काम किया है। जरूरतमंद लोगों तक भोजन,पानी,दवा और चारा पहुंचाया है। गुरुदासपुर और कपूरथला में स्वयंसेवकों ने कमर तक गहरे पानी में जाकर संकटग्रस्त लोगों को बाहर निकाला है। इतना ही नहीं, पशु चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में फंसे मवेशियों की देखभाल कर रहे हैं। वित्तीय मदद भी मिल रही है, जिसे राज्य व केंद्र सरकार द्वारा अविलंब बढ़ाए जाने की जरूरत है। इसके साथ ही गैर सरकारी संगठन, परोपकारी लोग और यहां तक कि कलाकार भी लोगों की मदद व पुनर्वास का संकल्प ले रहे हैं। एक पंजाबी सेलिब्रिटी ने 200 घरों के लिये सहायता का वायदा किया है। जो इस बात का प्रमाण है कि कैसे सांस्कृतिक हस्तियां तबाही की विभीषिका कम करने के लिये सामुदायिक समूहों के साथ आगे आ रही हैं। निस्संदेह, इस संकट की घड़ी में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, वायु सेना ने नावों, हेलीकॉप्टरों और राहत शिविरों के जरिये पीड़ितों को तात्कालिक राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। वे तसवीरें मानव सेवा के संकल्प को दर्शाती हैं, जिसमें ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों को जीवन रक्षक नौकाओं में तब्दील कर दिया है। प्रवासी समूहों द्वारा आर्थिक मदद भेजना भी एक सुखद पहल है। निस्संदेह, पंजाब में इस सेवा की संस्कृति और निस्वार्थ पहल की बार-बार परीक्षा भी हुई है। लेकिन जब आपदा का स्तर विकराल हो तो महज इस सद्भावना से ही संकट का निवारण संभव नहीं है। पंजाब में अब बाढ़ पीड़ितों को तेजी से मुआवजा देने, पारदर्शी ढंग से फसल की क्षति का मूल्यांकन तथा घरों के पुनर्निर्माण में तेजी लाने की जरूरत होगी। अगर सरकारी तंत्र और नागरिक समाज मिलकर अपनी ऊर्जा का उपयोग करे, तो न केवल पंजाब इस प्राकृतिक आपदा से जल्दी उबर पाएगा, बल्कि ये प्रयास एक प्रेरणादायक पहल के रूप में पूरे देश का मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**पंजाब की धरा से गुरुओं व पीर-पैगम्बरों ने मानवता के उत्थान व मिल-जुलकर खाने की सीख दी है। गुरुओं का यह संदेश देश-दुनिया में प्रेरणा का प्रतीक बना हुआ है। ऐसे वक्त में जब पंजाब बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहा है तो शेष देश के लोगों को निस्वार्थ भाव से आगे आने की जरूरत है। उल्लेख करना जरूरी है कि पंजाब के लोग हमेशा बेहद स्वाभिमानी रहे हैं। इस सीमावर्ती राज्य ने गाहे-बगाहे विभिन्न चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है।**

## भारत के प्रधानमंत्री को पूरा विश्व दे रहा सम्मान और विपक्ष कर रहा अपमान

मृत्युंजय दीक्षित

बिहार विधानसभा चुनाव -2025 को लेकर राजनैतिक दलों की गतिविधियां तीव्र हो चली हैं । यद्यपि अभी वहां चुनाव होने में दो माह से अधिक का समय शेष है तथापि चुनावी घमासान चरम पर पहुंच गया है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को ठीक करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर कराया तो राहुल बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ वोटर अधिकार यात्रा निकालने में लग गए जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव सहित तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी शामिल हुए। राहुल गांधी की यह यात्रा तो थी वोटर अधिकार रैली किंतु आगे बढ़ते हुए बन गई बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिया बचाओ और उनको मतदाता बनाओ रैली। राहुल गांधी की बिहार में आयोजित वोटर अधिकार रैली में भारत के प्रति अपनेपन का गहरा अभाव रहा। तमिल नेता स्टालिन को बुलाकर हिंदी भाषा का अपमान किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे व राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं ने पटना रैली में भारत व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित चुनाव आयोग के खिलाफ जी भरकर नफरत भरी बयानबाजी की और अपशब्द कहे। यात्रा अंतिम चरण तक पहुँचते पहुँचते इतनी जहरीली हो गई कि राहुल के करीबी नेताओं ने भरे मंच प्रधानमंत्री की माँ के लिए लिंगवाचक गालियों का प्रयोग कर दिया। इस प्रकार राहुल गांधी अपना परमाणु बम प्रभावहीन होने बाद हाइड्रोजन बम की तलाश में हैं। यही पर राहुल गांधी अपनी सारी मेहनत पर पनी फ़ेर रहे हैं क्योकि वोटर अधिकार यात्रा वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी मां व भारत को गाली देने में परिवर्तर्तित हो गई। कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं में गालियां देने की होड़ सी लग गई। यह यात्रा अराजकता और राहुल गांधी व उनके समर्थकों की सरेआम अभूतपूर्व बदतमीजी का भी रिकाउर् बना गई।जिस समय पूरा वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके विचारों को सुनना चाह रहा है और उनका मार्गदर्शन प्राप्त करना चाह रहा है एक प्रकार से माना जाए कि वैश्विक जगत में उनके नेतृत्व में एक नया वर्ल्ड आर्डर आकार ले रहा है उस समय राहुल गांधी -तेजस्वी यादव व अन्य नेताओं ने मोदी व उनकी मां तक का अपमान करने का कोई अवसर नहीं छोडा।राहुल गांधी के नेत्त्व वाला संपूर्ण विपक्ष बहुत ही ओछी प्रवृत्ति का परम उदाहरण प्रस्तुत करता रहा। बिहार के दरभंगा जिले में तो सभी राजनैतिक मर्यादाओं का उस समय घोर उल्लंघन कर दिया गया जब कांग्रेस के मंच से एक स्थानीय मुस्लिम नेता मोहम्मद रिजवी ने प्रधानमंत्री मोदी की मां को अपषब्द कहे और उससे भी आष्चर्यजनक व हैरान करने वाली बात यह रही कि राहुल गांधी व तेजस्वी यादव ने अपने कार्यकर्ता की उस षर्मनाक हरकत के लिए सार्वजनिक माफी तक नहीं मांगी हालांकि डैमेज कंट्रोल करने के लिए कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा किंतु तब तक बहुत देर हो चुकी थी और राहुल गांधी ने अपना सारा बना बनाया खेल बिगाड़ लिया था। वोटर अधिकार रैली का सारा प्रकरण अब प्रधानमंत्री मोदी व उनकी मां के अपमान की ओर झुक गया। प्रधानमंत्री मोदी की मां के अपमान की चारों ओर निंदा होने लग गई भाजपा को बिहार में अपनी जड़े जमाने का प्रयास कर रहे प्रषांत किषोर व ओवैसी का समर्थन व सहयोग प्राप्त हो गया।अब बिहार की राजनीति में घड़ी का पेंडुलम पूरी तरह से बदल चुका है जो लोग वोट चोर के नारे से नायक बनने निकले थे अब उन्हीं के चेहरे से हवाईयां उड़ती दिखलाई पड़ रही है बिहार विधानसभा चुनाव का पासा पलट चुका है। पीएम मोदी को 111वीं गाली व मां का अपमान अब विपक्ष पर भारी- हर बार की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरोधी दलों के नेताओं की गालियों को अपना हथियार बना लिया है।प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की महिलाओं को एक कार्यक्रम में भोजपुरी में संबोधित करते हुए उन्होंने इसे केवल अपनी मां का अपमान नहीं अपितु देश की हर मां बहन और बेटी का अपमान बताया।प्रधानमंत्री मोदी का यह अत्यंत भावुक संबोधन सुनकर बिहार प्रदेष भाजपा अध्यक्ष व वहां पर उपस्थित तमाम मातृशक्ति के आंखां में अश्रु आ गए।अब बिहार में भाजपा व राजग गठबंधन ने इसे हथिया बना लिया है और बिहार में इंडी गठबंधन के खिलाफ सफलतापूर्वक पूर्ण बंद किया गया है।राजग गठबंधन की ओर से आयोजित बंद को बिहार में पूर्ण समर्थन मिल रहा है अनेक स्थानों पर महिला कार्यकर्ता ही बंद का आयोजन कर रही हैं। बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री की मां के अपमान से आज संपूर्ण भारत का बीजेपी कार्यकर्ता आहत है और देशभर के अनेक स्थानों पर कांग्रेस कार्यालयों व उसके खिलाफ जोरदार प्रदर्षन किए जा रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जब -जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली दी गई है या उनका सार्वजनिक अपमान किया गया है तब -तब उन्हें राजनैतिक लाभ हुआ है।मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तभी से कांग्रेस व विरोधी दलों के नेताओं में उन्हे गाली देने की होड़ सी लग गई है।आज कांग्रेस का कोई नेता ऐसा नहीं बचा है जिसने उन्हें गाली न दी हो या फिर अपमानित न किया हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौत का सौदागर से लेकर जहरीला सांप, नीच आदमी कोई रावण कहता है, किसी ने भस्मासुर तो किसी ने उन्हें वायरस बताया।दिसंबर 2017 में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने उन्हें कहा कि ,यह बहुत नीच किस्म का आदमी है इसमें कोई सहायता नहीं है।कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने मोदी के टुकडे -टुकडे करने की बात कही थी।बेनी प्रसाद वर्मा ने पागल कुत्ता बताया था। एक समय था जब कांग्रेस नेता षषि थरूर ने तो प्रधानमंत्री मोदी को गालियां देने की झड़ी लगा दी थी।कांग्रेस के 12 ऐसे नेता हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को जमकर गालियां दी और हर गाली के बाद देष में जहां कहीं भी चुनाव हुए वहां का राजनैतिक वातावरण बदल गया है।जब कभी भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निजी रूप से अपमानजनक बयान दिया गया उससे कांग्रेस को ही लगातार नुकसान हो रहा है और यह बात राहुल गांधी व उनके सलाहकार समझ नहीं पा रहे हैं। राजनैतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय मां के अपमान से अब बिहार की राजनीति पूरी तरह से बदल गई है।प्रधानमंत्री मोदी व एनडीए समर्थक कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व आक्रोष व्याप्त हो गया है।प्रधानमंत्री मोदी की मां का अपमान एक मुस्लिम नेता ने किया है और राहुल गांधी ने केवल मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में ही वोटर अधिकार यात्रा निकाली है जिसका असर यह होगा कि अब वहां पर मतों का जातिगत और धार्मिक आधार पर मतों का धुरवीकरण हो जाएगा।साथ ही बिहार की राजनीति में मातृषक्ति एक निर्णायक मतदाता है और नीतिष बाबू की सरकार में नारी षक्ति के हित में कई कार्य हुए हैं तथा अनेक योजनाओं का ऐलान हुआ है।उस पर मोदी जी की मां के अपमान से अब महिला मतदाता का एक बहुत बड़ा वर्ग राजग गठबंधन की ओर झुक जाएगा।मां के अपमान से धुरवीकरण अवष्य होगा।भाजपा ने इसे समस्त भारतीयों व नारी षक्ति के अपमान से जोड़ दिया है। मां को गाली दिए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी का दर्द छलकना स्वाभाविक है।उनकी मां का तो तीन साल पहले स्वर्गवास हो चुका है और वह तो कभी राजनीति मे ंभी नहीं रही और न ही कभी बयानबाजी की। ऐसी परिस्थिति में मां का अपमान कोई भी बेटा स्वीकार्य नहीं करेगा।जिस दिन कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री मोदी का नाम लेकर मां की गाली दी गई थी उसी दिन राहुल और तेजस्वी उसकी कड़ी निंदा कर देते तो उनका कुछ बिगड न्हीं जाता किंतु यह लोग तो अहंकारी और अराजक तथा धूर्त राजकुमार जो ठहरे। सबसे बड़ी बात यह रही कि उनके परिवार तक ने उक्त प्रकरण की कड़ी निंदा तक नहीं की।राबड़ी देवी और उनके परिवार की अन्य महिलाओं तक ने एक षब्द तक नहीं कहा जिसका प्रतिफल तो अब इन सभी दलों को मिलेगा ही मिलेगा।राहुल गांधा चाहे जितने हाइडो्रजन बम फोड़ने का प्रयास करें वह सभी डिफयूज हो जाएंगे।राहुल गांधी के ऐसे सभी प्रयास अभी तक नाकाम ही रहे हैं।राफ़ेल चोरी से जीसएटी का विरोध तक कोविड वैक्सीन के खिलाफ प्रचार करने तक सभी प्रयासां में वह नाकाम हुए।वोट चोरी का आरोप भी उसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है जो फुस्स हो चुका है और एक छुटभैये नेता से प्रधानमंत्री की मां का अपमान करवाकर सेल्फ गोल करवा लिया है जिसका उन्हें खामियाजा भुंगतना ही पड़ेगा।

## कांग्रेस के लिए अभी भी 'दिल्ली' बहुत दूर है

मनोज कुमार मिश्र

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी यादव के साथ पूरे बिहार का दौरा करने के बाद कांग्रेस के सबसे बड़े नेता माने जाने वाले राहुल गांधी अपने लोगों में यह जताने का प्रयास कर रहे हैं कि उन्होंने बिहार जीत लिया। बिहार विधानसभा का चुनाव आने वाले दिनों में होने वाला है। जिसमें इस बार भी मुख्य रूप से राजद-कांग्रेस की अगुवाई वाले महागठबंधन बनाम भाजपा-जनता दल (एकी) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच चुनावी मुकाबला होना लगभग तय है। जिस कांग्रेस ने आजादी के बाद से बिहार में करीब चालीस साल शासन किया है, उसके नेता बड़े गर्व के साथ एक तरह से राजद का पिछलग्गू बनना स्वीकार लिया। देश में राजग, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पराजित करने का सपना देखने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली समेत उन राज्यों में भी पार्टी को नहीं खड़ी कर पा रहे, जहां अतीत में कांग्रेस सालों तक शासन में रही है। वास्तविकता तो यह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस एकबार पराजित हुई, वहां उसकी वापसी ही नहीं हो पाई। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने भाजपा पर संविधान बदलने के बेबुनियाद आरोप लगा कर मुद्दा बनाने की कोशिश की। उससे कुछ भ्रम की स्थिति बनी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार राजग केन्द्र में सरकार बनाने में कामयाब हुआ और राजग का दायरा बढ़ता गया। लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात सीटों की स्थिति देखें तो आम आदमी पार्टी (आआपा) के साथ सीटों के तालमेल के साथ यहां उतरी कांग्रेस ने 3 और आआपा ने 4 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। चुनाव में सभी 7 सीटें भाजपा लगातार तीसरी बार जीती। कांग्रेस को 18.50 फीसद वोट मिले। आआपा को लगा कि उसके साथ तालमेल से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। इसलिए उसने दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ना तय किया। नतीजा यह हुआ कि भाजपा को जीत मिली और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में उसकी वापसी हुई। दस साल से दिल्ली में सरकार चला रही आआपा को उससे केवल दो फीसदी वोट कम मिले लेकिन सीटों का फासला काफी रहा। 70 सदस्यों वाली दिल्ली विधानसभा में भाजपा 45.86 वोट के साथ 48 और आआपा 43.57 फीसद वोट के साथ 22 सीटों पर जीत पाई। कांग्रेस को करीब 6 फीसदी वोट मिले। खास बात यह है कि चुनाव नतीजों के बाद भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के नेता भी प्रसन्न थे। उन्हें लगता था कि आआपा की पराजय के साथ कांग्रेस की वापसी होगी लेकिन अभी तक एक भी कार्यक्रम ऐसा न हुआ जिससे लगे कि कांग्रेस दिल्ली में वापसी के लिए कोई प्रयास कर रही है। न ही आआपा में कोई भगदड़ मची। साल 2006 के परिसीमन में पूर्वी दिल्ली सीट दो हिस्सों में (पूर्वी दिल्ली और दिल्ली उत्तर पूर्व) बंटी। उससे पहले पूर्वी दिल्ली सीट से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित सांसद थे जो परिसीमन के बाद 2009 में उसकी एक सीट से सांसद बने और साल 2014 में पराजित हुए। 2019 में पूर्वी दिल्ली की दूसरी सीट दिल्ली उत्तर पूर्व से उनकी मां और दिल्ली की 15 साल मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित चुनाव लड़ी और पराजित हुईं। शीला दीक्षित साल 2019 में आआपा से समझौते का विरोध किया तो उन्हें पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के साथ जबरन लोकसभा चुनाव लड़वाया गया। सत्ता सुख भोगने की आदत पड़ जाने के चलते एक ही चुनाव की हार ने कांग्रेस को संकट में ही ला दिया। अपनी चिंता में लगे नेताओं ने पार्टी को हाशिए पर ला दिया। साल 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव की हार के बाद से पार्टी लगातार बिखरती ही गई। साल 2015 के चुनाव के समय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे अरविंद सिंह लवली और मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बना दिया गया अजय माकन को। इससे नाराज लवली ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बने अजय माकन ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आआपा से तालमेल की मुहिम चलाई। बताया गया कि कांग्रेस का एक वर्ग सात में से दो सीटों पर भी समझौता करने को तैयार हो गया था। जिस पार्टी ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाया उससे समझौता करने का शीला दीक्षित ने कड़ा विरोध किया। समझौता न होने पर भारी मन से अजय माकन नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़कर हारे। उन्होंने भी बिना प्रदेश अध्यक्ष तय हुए बीमारी के बहाने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ दी। त्रासदी यह है कि वही अजय माकन आज की तारीख में राहुल गांधी के बेहद करीबी हैं। उन्हें लोकसभा चुनाव हारने के बाद पहले हरियाणा से और वहां से पराजित होने के बाद कर्नाटक से राज्यसभा का सदस्य बनाया गया। वे पार्टी के कोषाध्यक्ष हैं और बिहार चुनाव के सुपर प्रभारी। साल 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद से कांग्रेस का दिल्ली में प्रयोग ही चल रहा है। साल 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली और कांग्रेस का वोट औसत घटकर 4.26 हो गया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में शीला दीक्षित के निधन के बाद चौधरी अनिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष बने। लवली थोड़े ही समय भाजपा में रहकर कांग्रेस में लौट आए और 2019 का लोकसभा चुनाव पूर्वी दिल्ली सीट से मजबूती से लड़े। उन्हें 2023 में अनिल कुमार के इस्तीफा देने पर दोबारा अध्यक्ष बनाया गया था लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे में अपनी भूमिका न होने से नाराज होकर उन्होंने फिर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा का दामन पकड़ लिया। अब विधायक बनने के बाद भाजपा ने उन्हें यमुना पार विकास बोर्ड का अध्यक्ष बना दिया है। उसी दौरान बड़ी तादाद में कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हुए। अब आर्थिक रूप से संपन्न पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष हैं। दिल्ली में कांग्रेस वहीं पहुंच गई जहां भाजपा और कांग्रेस के अलावा मजबूत तीसरे दल वाले राज्य में पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने गुजरात, मध्य प्रदेश में कांग्रेस को सालों से सत्ता से बेदखल कर दिया। तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, झारखंड उत्तराखंड, बिहार और पंजाब इत्यादि में तो उसकी सत्ता में वापसी संभव नहीं लग रही है। हर राज्य में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों की कृपा से कुछ सीटें पा जाती है। देश में भाजपा का विकल्प बनने का सपना देख रही कांग्रेस अपने शासित राज्यों कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के अलावा शायद ही किसी राज्य में अपने बूते सरकार बना पाएगी- इसकी भविष्यवाणी करना बहुत कठिन नहीं है। राजस्थान या छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के भी समीकरण बदल गए हैं। कांग्रेस के इस कदर बुरे दिन आ गए हैं कि वह उन दलों के साथ उनसे कम सीटों पर चुनाव लड़कर अपने को धन्य मान रही है, जिनके वजूद ने उसे हाशिए पर पहुंचा दिया है। सीधे शब्दों में कहें तो कांग्रेस इन्हीं क्षेत्रीय दलों के बूते भाजपा के मुकाबले बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बनी हुई है और इसी के भरोसे देश पर राज करने का सपना देख रही है। पहले ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के खिलाफ कांग्रेस काफी समय से अभियान चला रही है। जबकि ईवीएम से चुनाव कांग्रेस राज में ही शुरू हुआ था। इतना ही नहीं जब कांग्रेस किसी राज्य में जीतती है तब ईवीएम पर कुछ नहीं बोलती। केवल हारने पर ईवीएम मुद्दा होता है। अब चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर वोट चोरी के मनगढ़ंत आरोप लगाकर केन्द्र सरकार को कटघरे में खड़ा करने का जबरन प्रयास कर रही है। यह उसी तरह से उठाया जा रहा है जैसे लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान के खतरे में होने का झूठा प्रचार किया जा रहा था। बताया जा रहा था इसे ही मुद्दा बनाकर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और विपक्षी नेता बिहार चुनाव को प्रयोगशाला बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अगर यह सफल हुआ तो बाकी राज्यों में भी इसे मुद्दा बनाएंगे। इस दौरान अति उत्साह में विपक्ष की तरफ से गलती हो गई। बिहार के दरभंगा में विपक्षी मंच से प्रधानमंत्री की मां के लिए अपशब्द बोले गए। इसे प्रधानमंत्री और राजग नेताओं ने उसी तरह मुद्दा बनाया जिस तरह साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीच कहना बन गया था।

## जीएसटी का नया दौरः कराधान व्यवस्था क्रांति की ओर

**भारत की आर्थिक यात्रा में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल नीतिगत बदलाव नहीं, बल्कि युगांतरकारी मोड़ साबित होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हालिया सुधार उसी दिशा में उठाया गया एक साहसिक कदम है। कराधान व्यवस्था को सरल बनाने और जनता को सीधी राहत पहुँचाने की दिशा में यह सुधार महज सरकारी निर्णय नहीं, बल्कि एक लोककल्याणकारी दृष्टि का प्रमाण है। आजादी के बाद से भारत में कर-व्यवस्था जटिलताओं, बहुस्तरीय बोझ और भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी रही।**

भारतीय कराधान व्यवस्था में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) का आगमन एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम था। इसने अप्रत्यक्ष करों के जटिल और उलझे जाल को जहां सरल बनाने का प्रयास किया, वहीं शासन एवं प्रशासन में पसरे भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही को भी काफी सीमा तक नियंत्रित किया। सुधार, सुविधा एवं जनता को राहत देने के लिये किये इस प्रयास के बावजूद इसमें अनेक जटिलताएं एवं भारी-भरकम कराधान जनता को बोझिल किये हुए था, इस बात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार लम्बे समय से महसूस कर रही थी, इसीलिये इसवर्ष स्वतंत्रता दिवस के लालकिले के उद्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी को अधिक सुगम एवं जनता के हित में करने की घोषणा की। अब सरकार ने इसे और सुसंगठित करते हुए केवल दो स्लैब्स में कराधान को समेट दिया है और कर भी काफी कम कर दिये हैं तो निश्चय ही यह उपभोक्ताओं और कारोबारियों दोनों के लिए राहतकारी है। इसमें मिडल एवं लोअर क्लास का व्यापक ध्यान रखते हुए उन्हें राहत दी गयी है, जिससे हर परिवार के पास ज्यादा खर्च करने लायक आमदनी बचेगी और लोग अन्य वस्तुओं एवं सेवाओं पर अधिक खर्च कर सकेंगे। इन बड़े एवं क्रांतिकारी सुधारों से खपत बढ़ेगी, विकास को तीव्र गति मिल सकेगी। निश्चित ही यह एक नए कराधान युग का सूत्रपात है, जिसमें कर प्रणाली अधिक पारदर्शी, सरल और उपयोगी बनने की ओर अग्रसर है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल एवं आयाम है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास हुआ है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। जीएसटी के बड़े सुधार को लेकर विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस एवं भाजपा के बीच जो आरोप-प्रत्यारोप शुरु हुआ है, वह इसलिये औचित्यहीन, अतार्किक एवं व्यर्थ है, क्योंकि जीएसटी परिषद ने लम्बी विवेचना एवं आम सहमति से यह फैसला लिया है। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सकेगा। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। अनेक कर दरों की जटिलता उपभोक्ताओं के लिए हमेशा भ्रम और बोझ का कारण रही। बार-बार की दर-संशोधन प्रक्रियाओं से व्यापार जगत में असमंजस की स्थिति बनी रहती थी। अब दो स्लैब्स की व्यवस्था से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। उपभोक्ता को वस्तुओं और सेवाओं पर अपेक्षाकृत सरल, न्यायोचित और संतुलित कर ढांचा मिलेगा। इससे न केवल मूल्य स्थिरता आएगी, बल्कि खरीदारी और उपभोग की प्रक्रिया भी सहज होगी। इससे व्यापार एवं उद्योग भी विकास की रफ्तार पकड़ेंगे। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। डिजिटलाइजेशन, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, आधार लिंकिंग और पारदर्शी तंत्र ने व्यवस्था में विश्वास जगाया है। जीएसटी भी इसी कड़ी का एक क्रांतिकारी सुधार है जिसने 'वन नेशन, वन टैक्स' की अवधारणा को मजबूत किया। परंतु सच्चाई यह भी है कि जीएसटी विभाग आज भी भ्रष्टाचार की जकड़न से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाया है। छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को आए दिन नोटिस, जांच और जटिल प्रक्रियाओं के जाल में उलझाया जाता है। कई बार भ्रष्ट तंत्र इन्हें भयभीत कर अनुचित लाभ उठाता है। यह स्थिति जीएसटी सुधार की भावना के विपरीत है। यदि वास्तव में कराधान को क्रांतिकारी मोड़ देना है, तो जीएसटी व्यवस्था को भी पूर्णतः भ्रष्टाचार मुक्त करना अनिवार्य होगा। यह किसी से छिपा नहीं है कि टैक्स विभाग लंबे समय तक भ्रष्टाचार का गढ़ बना रहा। जटिल कानून और अनेक कर-श्रेणियाँ इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती थीं। लेकिन जब कराधान पारदर्शी और सरल होगा, तो अधिकारी और कारोबारी के बीच की अनावश्यक जटिलता भी कम होगी। इससे जनता एवं छोटे व्यापारियों का विश्वास व्यवस्था पर मजबूत होगा। अब आवश्यकता है कि सरकार जीएसटी प्रणाली को तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर और अधिक पारदर्शी बनाए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल ट्रैकिंग का उपयोग कर कर चोरी रोकने के साथ-साथ अधिकारियों की मनमानी और रिश्वतखोरी पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। करदाता के अधिकारों की रक्षा हो, ईमानदार व्यापारी को भयमुक्त वातावरण मिले और उपभोक्ता को राहत-तभी जीएसटी सचमुच क्रांति कहलाएगा। जीएसटी का नया दौर एक बड़ी राहत और परिवर्तन का संदेश लेकर आया है। अब अगला कदम यही होना चाहिए कि इसे भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त कर ईमानदार करदाताओं का विश्वास जीता जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत ने वास्तव में 'सही अर्थों में एक राष्ट्र, एक कर और एक पारदर्शी कर व्यवस्था' की ओर निर्णायक कदम बढ़ा लिया है। भारत की आर्थिक यात्रा में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल नीतिगत बदलाव नहीं, बल्कि युगांतरकारी मोड़ साबित होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हालिया सुधार उसी दिशा में उठाया गया एक साहसिक कदम है। कराधान व्यवस्था को सरल बनाने और जनता को सीधी राहत पहुँचाने की दिशा में यह सुधार महज सरकारी निर्णय नहीं, बल्कि एक लोककल्याणकारी दृष्टि का प्रमाण है। आजादी के बाद से भारत में कर-व्यवस्था जटिलताओं, बहुस्तरीय बोझ और भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी रही। छोटे व्यापारी हों या आम उपभोक्ता, हर कोई अप्रत्यक्ष करों की इस भूलभुलैया से परेशान था। मोदी सरकार ने जीएसटी को लागू करके पहले ही इस दिशा में बड़ा कदम उठाया था, लेकिन अब इसे और सरल बनाना तथा दो स्लैब्स तक सीमित करना एक क्रांतिकारी सुधार है। इससे न केवल उपभोक्ताओं पर बोझ घटेगा, बल्कि व्यवसाय करने की सुगमता भी बढ़ेगी। अर्थव्यवस्था का असली इंजन जनता की जेब है। जब उपभोक्ता को राहत मिलती है, उसके हाथ में थोड़े अधिक पैसे बचते हैं, तो खपत बढ़ती है। यही खपत उद्योगों को गति देती है, उत्पादन में उछाल लाती है और अंततः रोजगार के नए अवसर पैदा करती है। जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा असर यही होगा कि यह आर्थिक गतिविधियों को नये पंख देगा और इससे भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्थ बन सकेगा। किसी भी लोकतांत्रिक शासन का मूल्यांकन इस बात से होता है कि वह अपने नागरिकों के हितों को किस हद तक प्राथमिकता देता है। मोदी सरकार ने जीएसटी सुधार के जरिए यह स्पष्ट किया है कि उनकी नीतियाँ महज आँकड़ों का खेल नहीं, बल्कि जनजीवन को आसान बनाने की कोशिश हैं। यह सुधार जनता को केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक राहत भी देता है। हालाँकि सुधार के साथ चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। राज्यों को राजस्व हानि की भरपाई, छोटे कारोबारियों को नई व्यवस्था में सहज बनाना और कर-प्रशासन में पारदर्शिता बनाए रखना, ये सब गंभीर प्रश्न हैं। लेकिन यदि इन्हें दूर किया गया तो यह सुधार भारत को एक मजबूत, पारदर्शी और विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ले जाएगा। जीएसटी सुधार को जनता के लिए एक 'उपहार' कहना गलत नहीं होगा। यह केवल कराधान का बदलाव नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की पहल है। यह निर्णय बताता है कि शासन की नीतियाँ केवल सत्ता चलाने के लिए नहीं, बल्कि जनता को राहत देने और देश को विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बनाई गई हैं। लेकिन यहां यह देखना ज्यादा जरूरी है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। - **ललित गर्ग**

# उत्साह और शांति के साथ निकला बारावफात का जुलूस, पुलिस प्रशासन रहा चौकस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा खीरी। पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब की पैदाइश के मुबारक मौके पर मनाया जाने वाला पर्व ईद मीलादुन्नबी (बारावफात) को लेकर मुस्लिम समाज में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर शुक्रवार को धौरहरा और ईसानगर कस्बों में धार्मिक आस्था और भाईचारे का अद्‌भुत नज़ारा देखने को मिला। सुबह से ही सरोजिनी नगर समेत कई इलाकों में मुस्लिम समुदाय के लोग पारंपरिक परिधान में एकत्र हुए और ''ये मोहम्मदी जुलूस'' धूमधाम के साथ निकाला गया। बैंड-बाजों और धार्मिक गीतों के साथ जुलूस में शामिल लोग पैगंबर की शान में नाते-पाक (कशीदे) पढ़ते और झूमते नजर आए। जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा और अंततः साप्ताहिक बाजार बाग में एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गया। ईसानगर कस्बे से शुरू हुआ जुलूस सिसैया चौराहे होते हुए प्रमुख बाजारों से होकर गुजरा। इस दौरान मार्गों को धार्मिक झंडियों व रोशनी से सजाया गया था। जगह-जगह लोगों ने पानी व पद्धथन्थ्थ्प की सबील लगाकर सेवा का परिचय दिया।

सभा में वक्ताओं ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन, शिक्षाओं और उनके द्वारा दिए गए अमन और इंसानियत के पैगाम पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म शांति, सद्‌भाव और भलाई का संदेश देता है। सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

बारावफात के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। धौरहरा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाजी खमरिया थाना प्रभारी ओ.पी. राय और ईसानगर थाना प्रभारी निर्मल तिवारी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल सिसैया चौराहे पर तैनात रहा। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पूरे

आयोजन के दौरान हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी सहयोग का हाथ बढ़ाया, जिससे नगर में गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल देखने को मिली।

# परिवर्तिनी एकादशी पर धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम का संकीर्तन''

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर के अंतर्गत कंजा देव स्थान पर खाटू श्याम मंदिर में परिवर्तिनी एकादशी के अवसर पर एक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था, जो खाटू श्याम के भजनों पर झूमते और नाचते नजर आए।

रात्रि 8 बजे से शुरू हुए इस संकीर्तन कार्यक्रम में अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने ''देवा हो देवा गणपति देवा स्वामी तुमसे बढ़कर कौन'', ''राम सिया राम सियाराम जय जय राम'', और ''मेरा छोटा सा संसार हरि आ जाओ एक बार'' जैसे प्रसिद्ध भजनों का गायन किया। इसके अलावा, ''मतलब की दुनिया से मुझे नफरत है ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है'' जैसे भावपूर्ण भजन ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खाटू श्याम की भक्ति में लीन हो गए। पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी इस संकीर्तन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और खाटू श्याम के जयकारों से मंदिर प्रांगण को गुंजायमान कर दिया।

कार्यक्रम का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी जी ने भक्तों को श्याम बाबा का आशीर्वाद दिया और सभी ने बड़े ही श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अनिल जलोटा, दीपक राजपूत, अजय गुप्ता, सुधीर गुप्ता, मोहित गुप्ता, शिवम गुप्ता, संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत, आयुष गुप्ता, प्रमोद सोनी, मयंक महेश्वरी, नवनीत श्रीवास्तव, रमेश वर्मा, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर, मुकेश राठौर, प्रवीण रस्तोगी सहित समिति के अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक दिवस पर डॉ. राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि, छात्रों को मिला प्रेरणा संदेश




गोला गोकर्णनाथ खीरी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद, गोला में 05 सितम्बर 2025 को भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक और आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल डॉ. राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने छात्रों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं बल्कि जीवन को सार्थक और अनुकरणीय बनाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने छात्रों से आह्‌वान किया कि वे अपने जीवन में निष्ठा, कर्तव्यपरायणता, प्रज्ञा, समर्पण, राष्ट्रप्रेम और आदर्श आचरण को अपनाएं। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन का हर कदम अनुशासन और उच्च मूल्यों से जुड़ा होना चाहिए, तभी वे भविष्य में समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित किया। कई छात्रों ने शिक्षक दिवस को समर्पित कविताएं, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनसे वातावरण उत्साहपूर्ण और भावनात्मक हो उठा। कार्यक्रम के दौरान गुरुजनों को सम्मानित किया गया और छात्रों ने अपने-अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समस्त संकाय सदस्यों एवं छात्रों की उपस्थिति से कार्यक्रम सफल और यादगार बन गया। सभी ने डॉ. राधाकृष्णन को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### कस्बे में खोदी गई सड़कों की मरम्मत व पाइप लाइन ना डालने को लेकर मुख्यमंत्री से की शिकायत



बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे मे जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों में पाइप लाइन न डालने व रास्तों की मरम्मत न होने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व भाजपा नेता के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर ठेकेदारों की शिकायत किया है। बबेरू कस्बे में अमृत कार्यक्रम योजना अंतर्गत पूरे कस्बे में सड़क व गलियों में खुदाई करके पाइप लाइन न डालने व रास्तों को क्षतिग्रस्त करने के बाद भी मरम्मत न करने को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता राम प्रकाश साहू के द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा है। वही जानकारी देते हुए श्री राम प्रकाश साहू जी के द्वारा बताया गया की बबेरू कस्बे में जगह-जगह पाइपलाइन फटी थी, और जर्जर भी हो रही थी। जिससे कई जगह लीकेज थे और लोगों को गंदा पानी पीने को मिलता था। जिसको लेकर नई पाइप लाइन डालने को लेकर जल जीवन मिशन जल निगम नगरीय बांदा के द्वारा पिछले एक साल से कार्य चल रहा है। जो लगभग 60 से 70 प्रतिशत सड़के खोद डाली गई हैं, लेकिन कहीं पाइप लाइन डाली गई है, तो कहीं पाइपलाइन नहीं डाली गई है। वहां की सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई, जिससे आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं। लोग घायल हो रहे हैं, जिसको लेकर करीब 4 महीने से काम भी विभागीय अधिकारियों के ठेकेदारो के द्वारा बंद किया है। जिससे ठेकेदारों व विभागीय अधिकारियों की मनमानी के चलते सरकार की छवि धूमिल हो रही है, हम चाहते हैं कि जल निगम नगरी बांदा के विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करते हुए अबिलंब कार्य को पूर्ण कराया जाना चाहिए।

# सिंगाही में धूमधाम से मनाया गया ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सिंगाही खीरी। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मस्जिद रोड से जुलूस निकाली गई जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस में लोग इस्लामी झंडे लेकर चल रहे थे और ''हुजूर की अमद मरहबा'' और ''देखो मेरे नबी की शान'' जैसे नारे लगा रहे थे। जुलूस के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और मिठाई बांटी। जुमे की नमाज के बाद मस्जिदों में पंजाब में आई बाढ़ आपदा को लेकर विशेष दुआ मांगी गई। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद था, जिसमें सिंगाही पुलिस थाना प्रभारी अजीत कुमार और कस्बा इंचार्ज आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात था। हाफिज मोहम्मद फारूक ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद ने मानवता को मोहब्बत और अमन का रास्ता दिखाया और उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा है। इस मौके पर लोगों ने भाईचारे के साथ विश्व शांति के लिए दुआ की और कुरान की तिलावत की।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा बने डॉ. कौशल वर्मा

## सनशाइन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक ने वितरित की राहत सामग्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





अजान खीरी। बरसात के दिनों में शारदा नदी से उत्पन्न बाढ़ ने इलाके के कई गांवों के सैकड़ों परिवारों को बेघर कर दिया है। बेघर परिवार अभावग्रस्त जीवन जीने को मजबूर हैं। ऐसे कठिन समय में सनशाइन हॉस्पिटल गोला/सीतापुर के प्रबंध निदेशक डॉ. कौशल वर्मा ने मानवता का परिचय देते हुए बाढ़ पीड़ित परिवारों तक स्वयं पहुंचकर राहत सामग्री की किट और ताजा भोजन वितरित किया है। डॉक्टर ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी को एकजुट होकर पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। मानव सेवा के लिए प्रत्येक सामर्थ्यवान व्यक्ति को जाति, धर्म, सम्प्रदाय और क्षेत्रीय सीमा से आगे बढ़कर पहल करने की जरूरत होती है। डॉ. कौशल वर्मा ने गोला से आकर शारदा नदी की बाढ़ से प्रभावित बिजुआ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम चकपुरवा, नयापुरवा, कुरियानी जो कि बाढ़ में नष्ट होकर सिर्फ नक्शे में रह गया है, और बेचेपुरवा गांव के निराश्रित और बेबस लोगों के बीच राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने सभी सैकड़ों परिवारों को राशन किट, पीने का पानी, दवाइयां और आवश्यक घरेलू सामान उपलब्ध कराया। स्थानीय लोगों ने डॉ. कौशल वर्मा और उनकी टीम का आभार जताते हुए कहा कि उनकी यह पहल बाढ़ पीड़ितों के लिए संबल बन गई है। पूर्व में टीम डॉक्टर ने निघासन क्षेत्र के ग्राम टहारा में बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री एवं दवाइयां वितरित की थी। समय-समय पर वह हर जरूरतमंद की यथा संभव मदद करते रहते हैं। इस अवसर पर गोपाल गुप्ता, सुमित पांडे, सुशील पांडे, कपिल वर्मा, प्रतीक मिश्रा, ओमप्रकाश, प्रभात, लाला राम, ज्ञानचंद वर्मा, अनुज सिंह, आतिश त्रिवेदी, केके वर्मा, आदेश वर्मा, अमित वर्मा, सचिन प्रभाकर, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# अजान कस्बे में धूमधाम से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस, समाज में एकता का संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर शुक्रवार को अजान कस्बे में बारावफात का जुलूस अत्यधिक उत्साह और धूमधाम के साथ निकाला गया। इस जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में इस्लामी झंडा लिए हुए थे और नबी के नारे लगा रहे थे। जुलूस के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसके लिए पुलिस पूरे दिन चक्रमण करती नजर आई।

जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर कस्बे के मेन मार्केट, से नई बस्ती होते हुए गांव की गलियों से गुजरते हुए पुनः जामा मस्जिद पर आकर समाप्त हुआ। रास्ते में लोगों ने अपने घरों को फूलों, चमकीले कागजों, झंडों, पतंगियों और विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया था, जो जुलूस की शोभा बढ़ा रहा था। जुलूस में सभी उम्र के लोग शामिल हुए, जिनमें बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान प्रमुख थे।

जुलूस के समाप्ति स्थल पर मौलाना तौफीक रजा ने मोहम्मद साहब के विचारों के साथ समाज में एकता और सौहार्द का संदेश दिया, जिसने सभी को प्रभावित किया। जुलूस में प्रमुख रूप से गफूर अहमद, इबरार अली, सलीम अली, नसीम अली, इमाम अली, शेर मोहम्मद, मुबारक अली, मोकिम अली, शंकर अली, शाहिद अली, रफात अली, हज़रत अली, हनीफ, सरफुद्दीन, समसुद्दीन, निजामुद्दीन, शकील मोहम्मद, शरीफ अली, पप्पू, लालू, सिराज अली, बब्लू रजा, बब्लू अली, जावेद अली आदि उपस्थित थे।

### सीने में तेज दर्द से युवक की मौत

बबेरू/बांदा। कस्बा कमासिन में चाट, पानी पूरी, और मेमोज का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करने वाले 35 वर्षीय युवक धीरज के 5 सितंबर को प्रातः 7रू00 बजे सीने में अचानक तेज दर्द होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमासिन इलाज हेतु ले जाया गया ।जहां प्रभारी चिकित्सक ने युवक को देखा और मृत घोषित कर दिया मृतक की पत्नी बेलपती पति की मौत की खबर सुनकर बेहाल हो गई। मौत की खबर मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भारी भीड़ पहुंच गई मृतक की पत्नी बेलपती ने रोते बिलखते हुए बताया कि हम पिणारन गांव के रहने वाले हैं कमासिन में पति ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। अचानक पति के सीने में तेज दर्द होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टर ने देखा और मृत घोषित कर दिया मृतक युवक के कोई संतान नहीं है पत्नी फिलहाल गर्भवती बताई गई है पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव पीएम हेतु बांदा भिजवा दिया गया है।

# दो लाशें, एक साज़िश? एक ही घर में दम्पति की मौत बनी रहस्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। हैदराबाद गांव की एक सुबह दो लाशों के साथ जागी, जिसने पूरे इलाके को सन्न कर दिया। बुधवार को राजबहादुर (55) और उनकी पत्नी सुनीला देवी (50) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई, लेकिन इस 'दुर्घटना' की तह में जो शक और सवाल छिपे हैं, उन्होंने स्थानीय पुलिस की जांच पर भी गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। राजबहादुर का शव भूसे के कमरे में फंदे पर लटका मिला, जबकि पत्नी सुनीला का शव ऊपर मंजिल पर चारपाई पर पड़ा था – और ये कोई सामान्य मौतें नहीं थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने साफ किया कि सुनीला की मौत गला दबाने से हुई और राजबहादुर की फांसी से। लेकिन क्या ये वास्तव में हत्या के बाद आत्महत्या का मामला है, जैसा कि पुलिस मान रही है? या फिर किसी ने बड़ी चालाकी से दो हत्याओं को एक 'घरेलू घटना' की शक्ल दे दी? परिवार और ससुराल पक्ष पुलिस की थ्योरी को सिरे से खारिज कर रहे हैं। उनका आरोप है कि पुलिस बिना गहराई से जांच किए सीधे निष्कर्ष पर पहुंच रही है, जबकि न तो कोई गवाहों से पूछताछ हुई है और न ही कोई पुख्ता सबूत सामने आया है। अब तक पुलिस ने न कोई आधिकारिक बयान जारी किया, न कोई तहरीर ली – और यहीं से शुरू होता है संदेह का सिलसिला। अंतिम संस्कार तो हो गया, लेकिन जवाबों की चिता अब भी जल रही है। थाना प्रभारी सुनील मलिक का बयान भी मामले को और उलझाता है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। ऐसे में बड़ा सवाल ये है – जब दो मौतें हुई हैं, शक की सुई इधर-उधर घूम रही है, तो पुलिस आखिर किसका इंतजार कर रही है? इस 'खबर' के पीछे कई परतें हैं। हो सकता है कि यह एक सोची-समझी साजिश हो, जिसे आत्महत्या की शक्ल देकर दफनाने की कोशिश की जा रही है। या फिर यह सचमुच एक पारिवारिक त्रासदी हो – लेकिन जब तक हर पहलू की निष्पक्ष जांच नहीं होती, हर जवाब अधूरा ही रहेगा।

# अजबापुर मिल के 101 किसान हुए सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मितौली खीरी। डीसीएम श्रीराम शुगर समूह द्वारा शुक्रवार को हरियाली किसान बाजार में कृषक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने किया अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र के उन 101 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष 2024-25 में 1500 कुन्तल प्रति हेक्टेयर से अधिक गन्ना उपज अर्जित की। इनमें से 16 किसानों ने 2000 कुन्तल प्रति हेक्टेयर से अधिक उत्पादन प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। ग्राम ओसरी मैगलगंज के कृषक संत कुमार वर्मा ने 2568 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तथा छत्तापुर के ज्योति प्रकाश सिंह ने 2510 कुन्तल उपज प्राप्त कर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया उपज बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत 1500 कुन्तल/हेक्टेयर से अधिक आपूर्ति करने वाले किसानों को 15000 रु, 2000 कुन्तल से अधिक आपूर्ति वाले किसानों को 25000 तथा 2500 कुन्तल से अधिक आपूर्ति करने वाले किसानों को 50000 रुपये की चेक प्रदान की गयी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसानों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करते हैं तथा प्रधानमंत्री के कृषक आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपर गन्ना आयुक्त (विकास) वी.के. शुक्ल तथा उप गन्ना आयुक्त, लखनऊ राजेशधर द्विवेदी ने गन्ना विभाग की नीतियों की जानकारी दी और किसानों को टिकाऊ व यंत्रीकृत खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। डीसीएम श्रीराम शुगर समूह के अधिशासी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.एल. टामक ने बताया कि क्षेत्र के विकास का रास्ता चीनी मिल से होकर गुजरता है। हमारा समूह गन्ना उपज बढ़ाओ अभियान के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों व आधुनिक यंत्रों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करने हेतु प्रतिबद्ध है।समारोह में 50 किसानों को गन्ना बुवाई मशीन तथा 40 किसानों को छोटे ट्रैक्टर प्रदान किए गए। साथ ही प्रेसमड आधारित जैविक खाद 'फसल अमृत' के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना समितियों के पदाधिकारी, डीसीएम श्रीराम समूह के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे मंच का कुसल संचालन सी सी टी प्रमुख अली आरजू जैदी एवं अजबापुर मिल के गन्ना विभागाध्यक्ष डॉ एच के त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

### धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

अतर्रा/बांदा। संत विवेकानंद विद्या मन्दिर अतर्रा में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया था तथा प्रातःकाल से ही उल्लासपूर्ण वातावरण व्याप्त रहा। ?कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के माननीय प्रबन्धक श्री अनिल मिश्रा जी द्वारा भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें गीत, नृत्य, कविता एवं नाटिका शामिल थे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को भावपूर्ण ढंग से व्यक्त किया। ?इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# नाव बनी एंबुलेंस, बाढ़ में भी पहुँची दवा और राहत

- डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल : जलमग्न गाँवों तक नाव से पहुँची दवाइयाँ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। बाढ़ की तबाही से जूझ रहे गाँव३ सड़कें जलमग्न, घरों के चारों ओर पानी ही पानी। हालात ऐसे कि पैदल चलना तो दूर, साइकिल और बाइक भी बेकार। मगर इन सबके बीच जब स्वास्थ्य सेवाएँ ठप पड़ने का खतरा मंडरा रहा था, तभी स्वास्थ्य विभाग की नाव उम्मीद का सहारा बनकर पहुँची। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के सख्त निर्देश और सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य टीम ने कमर कसी और ठान लिया कि चाहे हालात जैसे भी हों, लोगों तक दवाएँ हर हाल में पहुँचेंगी। श्रीनगर और आज़ादनगर क्षेत्रों में चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजीत सिंह, फार्मासिस्ट टी. रहमान और एनसीडी परामर्शदाता अंकित दीक्षित के नेतृत्व में नाव पर दवाइयाँ लदीं और टीम पानी से घिरे गाँवों तक निकल पड़ी। गाँव वालों के चेहरे पर जैसे ही स्वास्थ्यकर्मी पहुँचे, उम्मीद की किरण लौट आई। टीम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को घर-घर जाकर ज़रूरी दवाएँ उपलब्ध कराईं, लोगों की सेहत की जाँच की और ज़रूरतमंदों को परामर्श भी दिया। ग्रामीणों ने टीम का आभार जताते हुए कहा कि जब चारों ओर सिर्फ पानी ही पानी है, तब नाव से आई दवाइयाँ हमारे लिए जीवनदान साबित हुईं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बाढ़ जैसी विकट परिस्थिति में भी स्वास्थ्य सेवाएँ किसी हाल में बाधित नहीं होंगी। हर ज़रूरतमंद तक दवा और चिकित्सा सुविधा पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुँच रही हैं।

# सम्मानित हुए प्रेरक शिक्षक, शिक्षा को जन आंदोलन बनाने का संकल्प

■ 'शिक्षाग्रह: आओ स्कूल चलें' अभियान और बुकलेट का विमोचन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित समारोह में जिले के बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के प्रेरक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर शिक्षकों के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि समाज निर्माण में शिक्षक की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विशेष पहल के रूप में विद्यालय की नियमित छात्रा माही सिंह को समारोह का मुख्य अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम में सीडीओ संत कुमार, सीएमओ डॉ. सुरेंद्र कुमार, डीपीआरओ सतीश पाण्डेय और बीएसए संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी शिक्षकों की भूमिका को सराहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शिक्षाग्रह: आओ स्कूल चलें अभियान की शुरुआत की और इसकी बुकलेट का विमोचन किया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना, ड्रॉपआउट रोकना और अभिभावकों को जागरूक करना है। न्याय पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। समारोह में शिक्षा व्यवस्था में योगदान देने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में नियमित उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित कर प्रेरित किया गया। इस दौरान शिक्षकों की रचनाओं पर आधारित पुस्तक कविता की पाठशाला का विमोचन किया गया। संपादक प्रशांत अवस्थी 'प्रखर' और अन्य रचनाकारों को सम्मानित किया गया। मिशन ज्योतिर्गमय के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाने वाले सुभाष रंजन द्विवेदी, सुनील दत्त राजपूत और प्रशांत अवस्थी को भी सम्मान प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने अजीतमल ब्लॉक के ग्राम प्रधान सफर आशुतोष को विद्यालय कायाकल्प में सराहनीय कार्य के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया और कहा कि यह अभियान जिले के शैक्षिक माहौल में मील का पत्थर साबित होगा।

## ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में झांकी के अलावा अन्य वाहन के शामिल होने पर होगी कार्रवाई : एसपी सिटी

मुरादाबाद। ईद मिलादुन्नबी 12 (बारावफात) के अवसर पर शुक्रवार को निकलने वाले जुलूस को लेकर पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह ने बताया कि मुरादाबाद महानगर को 6 जोन और 15 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके साथ ही 18 बैरियर पॉइंट बनाए गए हैं। सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारी, 20 इंस्पेक्टर, 300 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 100 महिला कांस्टेबल के अलावा अंडर ट्रेनिंग उपनिरीक्षक, पीएसी की भी ड्यूटी लगाई गई है। एसपी सिटी ने कहा कि जुलूस में झांकी के अलावा कोई अन्य वाहन शामिल होता है तो उसका चालान काटा जाएगा साथ ही उसके विरुद्ध एमवी एक्ट में कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज ईद मिलादुन्नबी को लेकर पूर्व में अमन कमेटी और शांति समिति की बैठकर संपन्न कर ली गई थी। जिसमें जूलुस व त्यौहार को लेकर शासन की ओर से जारी गाइडलाइन से सभी को अवगत करा दिया गया था। इसके साथ ही साउंड सिस्टम की आवाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश का भी पालन करने की सभी से अपील की गई थी। ईद मिलादुन्नबी के निकलने वाले परंपरागत जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से ही निकलेंगे। जुलूस में सिर्फ झांकियां वाले वाहन ही शामिल होंगे, जिन्हें परमीशन है। इस दौरान चौपहिया वाहनों पर लोग लोहे का तख्त डालकर अपने साथ बच्चों को बिठाकर दिनभर शहरभर में घूमते हैं। फिर जुलूस वाले मार्ग पर बेवजह घूमकर दुश्वारियां फैलाते हैं। इन वाहनों की लिस्टिंग की जाएगी व ऐसे वाहनों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए उनका चालान किया जाएगा। एमबी एक्ट के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और सभी चलानों को आरटीओ कार्यालय भेज कर उस पर जुर्माना लगाया जाएगा।

# आईआईटी कानपुर के एडवांस्ड सेंटर फॉर मैटेरियल्स साइंस ने एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी कानपुर) के एडवांस्ड सेंटर फॉर मैटेरियल्स साइंस ने एक दिवसीय कार्यशाला एडवांसेंस इन माइक्रोस्कोपी-2025 ऑप्टिकल इमेजिंग एक्रॉस द स्केल्स का आयोजन किया। इस कार्यशाला में भारत और विदेशों से आए 90 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें छात्र, शोधार्थी, तकनीकी स्टाफ, फैकल्टी सदस्य और उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल थे। साथ ही आयोजन में Zeiss India ने इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में सहयोग किया। इसके अलावा कार्यशाला में कॉनफोकल माइक्रोस्कोपी से लेकर सुपर-रे.ज़ोल्यूशन और सिंगल-मॉलिक्यूल इमेजिंग जैसी अत्याधुनिक ऑप्टिकल माइक्रोस्कोपी तकनीकों पर चर्चा हुई। प्रतिभागियों को लाइव-सेल इमेजिंग में भी व्यावहारिक प्रशिक्षण मिला, जिससे उन्हें सैद्धांतिक और प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त हुए। यह कार्यशाला अकादमिक और इंडस्ट्री के बीच उपयोगी संवाद का माध्यम बनी और प्रतिभागियों को जीवन विज्ञान और सामग्री विज्ञान में उभरती इमेजिंग तकनीकों की मजबूत की समझ दी। कार्यक्रम का उद्घाटन एसीएमएस के प्रमुख प्रो. अनीश उपाध्याय ने किया। उन्होंने एसीएमएस द्वारा संस्थान और बाहरी शोधकर्ताओं के लिए किए जा रहे कार्यों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया एसीएमएस, आईआईटी कानपुर की वैज्ञानिक अनुसंधान में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम यहां की अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से देशभर के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को सहयोग देने का प्रयास करते हैं। उन्होंने सेंटर की आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसे लाइव-सेल इमेजिंग, टू-फोटॉन माइक्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी लैब, एक्स-रे डिफ्रैक्शन, एक्स-रे फोटोइलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी और सैंपल प्रिपरेशन लैब्स की जानकारी भी दी। प्रो. उपाध्याय ने संस्थान के प्रशासन को इन सुविधाओं को बनाए रखने और आगे बढ़ाने में निरंतर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। उद्घाटन सत्र में प्रो. कंतेश बलानी (प्रमुख, एमएसई), प्रो. अश्वनी ठाकुर (प्रमुख, बीएसबीई), और प्रो. अमिताभ बंद्योपाध्याय (वरिष्ठ प्रो.फ़ेसर, बीएसबीई) भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में एसीएमएस के लाइव-सेल इमेजिंग फैसिलिटी की क्षमताओं को भी दर्शाया गया, जो जीवन विज्ञान, रसायन विज्ञान और सामग्री विज्ञान में उपयोगी है। संयोजक प्रो.फ़ेसर नितिन मोहन ने ऑप्टिकल इमेजिंग का इतिहासऽसाधारण लेंस से लेकर सुपर-रे.ज़ोल्यूशन तक विषय पर उद्घाटन व्याख्यान दिया। इसके बाद प्रो. राकेश कुमार माझी ने नॉन-अडहीरेंट कोशिकाओं की माइक्रोस्कोपी की चुनौतियां विषय पर, Zeiss India से ऋषिकांत ने ऑप्टिकल सेक्शनिंग तकनीक पर व्याख्यान दिया और कॉन्फोकल व लाइव-सेल इमेजिंग के व्यावहारिक पहलुओं को बताया। वहीं, प्रो. वेंकट जयसूर्य याल्लप्रगड़ा (भौतिकी विभाग, आईआईटी कानपुर) ने छोटे लाइट एमिटर और स्कैटरर का अध्ययन विषय पर बात की और प्रो. दिव्येंदु कुमार दास ने वायरस जीवन चक्र को समझने में सिंगल-मॉलिक्यूल इमेजिंग का उपयोगङ्क विषय पर व्याख्यान दिया। वहीं, लाइव-सेल इमेजिंग पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग सत्र ऋषिकांत और रविंद्र अग्निहोत्री द्वारा संचालित किए गए।

# शिक्षक दिवस पर अटेवा का विरोध सम्मान के दिन शिक्षकों का उपवास



जौनपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर अटेवा पेंशन मंच के सदस्यों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में शिक्षकों और कर्मचारियों के सम्मान की मांग को लेकर उपवास रखा और सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए और एनपीएस और यूपीएस की यज्ञ में आहुति दिया। जिला संयोजक चंदन सिंह और जिला महामंत्री इंदु प्रकाश यादव ने 25 नवम्बर को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक कर्मचारियों की भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम को राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह का समर्थन मिला। सभी उपस्थित जनों ने शिक्षक और कर्मचारियों के सम्मान के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. यामिनी सिंह, अरविंद यादव, ब्रह्मशील यादव, डॉ. ध्रुव राज योगी, नवीन शर्मा, आनंद स्वरूप यादव, राम आशीष यादव, शेर बहादुर, आशीष लोहिया समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेक्रेटरी संघ के जिलाध्यक्ष महेश प्रताप तिवारी व नंद लाल पुष्पक ने संचालन किया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# पूर्व मंत्री डीपी यादव के बड़े बेटे विकास यादव की हर्षिका यादव के साथ हुई शादी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गौतमबुद्ध नगर। पूर्व सांसद और उद्योगपति डीपी यादव के बड़े बेटे विकास यादव की शादी शुक्रवार को राजनगर स्थित उनके आवास पर पारिवारिक लोगों की उपस्थिति में एक सादे समारोह में संपन्न हुई। विकास यादव नीतीश कटारा हत्याकांड मामले में जेल में बंद है। वह इस समय में पैरोल पर बाहर हैं। पूर्व मंत्री डीपी यादव के भतीजे सत्येंद्र यादव ने बताया कि विकास यादव को 24 अप्रैल को अपनी माता पूर्व विधायक उमलेश देवी की सेवा की लिए पेरोल मिला था। उनकी माता उमलेश देवी का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है उनका इलाज गाजियाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा है। मां के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनकी देखभाल के लिए विकास ने शादी करने का निर्णय लिया है। सत्येन्द ने बताया कि आज दिन में एक सादे समारोह में आर्य समाजी विधि से 50 वर्षीय विकास की आज शादी 28 वर्षीय हर्षिका यादव के साथ संपन्न हो गई है। हर्षिका ग्राम इटोली जिला फिरोजाबाद निवासी एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उदयराज सिंह उर्फ़ उदयराज की बेटी है। पहले यह शादी न्योली शुगर मिल जिला कासगंज में होनी तय हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को देखते हुए बाद में विवाह राजनगर स्थित उसके निवास स्थान पर ही संपन्न हुई। हर्षिका की विकास यादव के साथ सगाई जुलाई माह में हुई थी। इस संबंध में पूर्व सांसद डीपी यादव ने कहा कि हम लोग आर्य समाज का अनुसरण करते हैं। आर्य समाज की पद्धति के अनुसार हम कोई भी शुभ कार्य करते हैं। इसीलिए आर्य समाज के विधान से विकास और हर्षिका यादव की शादी संपन्न हुई। विकास यादव ने बताया कि वह सुप्रीम कोर्ट से पैराल पर हैं। उनकी माता की तबीयत खराब है, तथा उनकी रीढ की हड्डी का ऑपरेशन हुआ है। मां की देखभाल के लिए उन्होंने शादी की है। उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देश के तहत अपनी गाजियाबाद मे ही शादी का कार्यक्रम किए है। उन्होंने कहा कि वे न्यायालय में उन्हें पूरी निष्ठा और विश्वास है। कोर्ट ने उनके साथ न्याय किया है, और वह न्यायालय का सम्मान करते हैं। विकास यादव की नवविवाहिता हर्षिका (28 वर्ष) एमसीए की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने ओम डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद से स्नातक की पढ़ाई की है, तथा वह वर्तमान समय में एमसीए कर रही है। हर्षिका के पिता के उदयराज सिंह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के भतीजे हैं। मुलायम सिंह यादव का परिवार पूर्व में शिकोहाबाद के इसी गांव का रहने वाला था, बाद में वह हर्षिका के पिता के परिवार को अपनी जमीन सौंपकर सैफई चले गए थे।

# तीन माह के बच्चे को सोते समय उठा ले गया बन्दर

■ छत पर पानी से भरे ड्रम में छोड़ा, बच्चे की मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मृतक की फाइल फोटो

सीतापुर। जिले के मछरेहटा थाने के अंतर्गत अनुज यादव पुत्र राम देव उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी सूरज पुर के तीन माह के बच्चे को बृहस्पतिवार सुबह लगभग सात बजे घर के अन्दर चारपाई पर 3 माह का बच्चा शिवांश सो रहा था शिवांश को सोते समय बन्दर उठा ले गया बच्चे की मां सरिता स्नान कर रही थी तब तक देखा बच्चा गायब है शोर मचाने लगी तब सभी परिजन बच्चे को ढूंढने लगे पीछे की तरफ बन रहा घर अनुज का ही जहां छत पर पानी से भरे ड्रम में बच्चा उतराता मिला लगभग साढ़े सात बजे। यह पहला बच्चा था। शिवांश को तत्काल सीएचसी मछरेहटा ले गए डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। अनुज ने बताया कि बच्चा शिवांश दो माह से बीमार था मेडिकल कॉलेज लखनऊ का इलाज चल रहा था बुधवार को लखनऊ से दिखाकर लाए थे। बन्दर को ले जाते देखा नहीं जीने पर रखा अनाज बिखरा पड़ा हुआ था इससे अंदाजा लगाया कि बन्दर ही उठा कर ले गया। सीएचसी से मृत शिवांश को लाकर दफन कर दिया। चौकी प्रभारी गजेन्द्र खरवार जानकारी पाकर पहुंचे तो परिजनों ने बताया कि हम किसी प्रकार की करवाई न की है न चाहते हैं।

## पीईटी के मद्देनजर पीतलनगरी बस अड्डे से लखीमपुर व सीतापुर के लिए चलेगी स्पेशल बसें



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। मुरादाबाद जनपद में विभिन्न परीक्षा केंद्रो पर 6 और 7 सितम्बर को आयोजित होने वाली प्रारम्भिक पात्रता परीक्षा (पीईटी) के लिए पीतलनगरी बस अड्डे से लखीमपुर और सीतापुर के लिए स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। इसको लेकर रोडवेज ने तैयारियां पूरी कर ली है। इसके अलावा संभल, अमरोहा और बिजनौर रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा मुरादाबाद बस अड्डे से मेरठ, गाजियाबाद समेत अन्य रूटों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। मुरादाबाद जनपद में 6 और 7 सितम्बर को 52 केंद्रों पर प्रारम्भिक पात्रता परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें 95712 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बिजनौर, लखीमपुर, सीतापुर, अमरोहा, संभल समेत अन्य जिलों से परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों के लिए पीतलनगरी बस अड्डे से स्पेशल व अतिरिक्त बसें चलाईं जाएंगी। जनपद लखीमपुर के लिए 6 और सीतापुर के लिए 4 अतिरिक्त बसें चलेंगी। वहीं संभल, अमरोहा व बिजनौर रूट पर चार-चार बसें चलाई जाएंगी। साथ ही सभी रूटों पर बसों के फ़ेरे बढ़ा दिए जाएंगे। इसके अलावा मुरादाबाद बस अड्डे से मेरठ, गाजियाबाद समेत अन्य रूटों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। पीतलनगरी रोडवेज के इंचार्ज महावीर सिंह ने बताया कि बसों की सूची तैयार है। हमारा प्रयास है कि दूसरे जनपदों से परीक्षा देने आने और जाने वाले परिक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

# ईद मिलादुन्नबी पर काशी में शानो शौकत से निकला जुलूस ए मोहम्मदी, पुलिस चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही

■ मजहबी इस्लामिक ध्वज के साथ तिरंगा भी लहराया,हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा की गूंज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद (स.) की पैदाइश (ईद मिलादुन्नबी) का जश्न शुक्रवार को काशीपुराधिपति की नगरी में पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। जोश और खुशी के माहौल में शहर में जगह-जगह से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरे शानो-शौकत के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाली गई।

लोगों ने पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जुलूस में शामिल बच्चों और युवाओं के साथ बुर्जुग भी लकदक कुर्ता पायजामा पहने, सिर पर रंग बिरंगा साफा बांधे इस्लामिक झंडे के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए चलते दिखे। जुलूस में हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा की गूंज के बीच नबी की शान में नातिया कलाम भी युवा और उलेमा पूरे राह पढ़ते रहे। फज्र की नमाज के बाद उठे जुलूस में बच्चे, युवा और बुर्जुग वाहन पर सवार होकर या पैदल ही शामिल हुए। मरकजी दावते इस्लामी जुलूसे मुहम्मदी कमेटी एवं मुफ्ती बोर्ड के सदर की निगरानी में मुख्य जुलूस रेवड़ी तालाब के अजगरी मैदान से उठा। इसमें शिवाला, बजरडीहा, ककरमत्ता, मदनपुरा इलाके के जुलूस भी शामिल हो गए। सभी जुलूस रेवड़ी तालाब के अजगरी मैदान से भेलूपुर, गौरीगंज, रवींद्रपुरी, शिवाला, सोनारपुरा, मदनपुरा, गोदौलिया, चौक, मैदागिन, कबीरचौरा, पियरी होते हुए बेनियाबाग मैदान पहुंचे। रास्तों में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने जुलूस में शामिल लोगों को शरबत और पानी पिलाया। उधर, शक्करतालाब, जलालीपुरा, गोलगड्डा, पीलीकोठी, अर्दलीबाजार, हुकुलगंज आदि इलाकों से निकले जुलूस भी बेनिया मैदान पहुंचे थे। बेनियाबाग मैदान में उलेमा ने नबी की पैदाइश पर रोशनी डाली। शायरों ने कलाम पेश किया। वहीं, जिले के ग्रामीण अंचल में भी जुलूस ए मोहम्मदी शान से निकाला गया। लोहता बाजार, कोटवा, मंगलपुर आदि गांव से निकले जुलूस में नबी के आमद की खुशी साफ नजर आईं। बड़े, बुजुर्ग, नौजवान और बच्चे पूरी अकीदत से जुलूस में शामिल हुए। लोहता में बड़े, बुजुर्ग और बच्चे सभी हाथों में इस्लामी झंडा लिए नबी के आमद का पैगाम दे रहे थे। डीजे की धुन पर सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा की सदाओं से सड़कें गुलजार रही। जुलूस में शान से तिरंगा लहराकर कौमी एकता का पैगाम भी दिया गया। जुलूस के दौरान माइक पर नबी की शान में नात और कलाम रास्ते भर लोग पढ़ते हुए चल रहे थे। बच्चों का भी जोश देखते बन रहा था। इसी क्रम में बेनियाबाग क्षेत्र से मरकजी यौमुन्नबी कमेटी ने 80 सालों की अपनी परम्परा को निभाते हुए जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। जुलूस में 50 अंजुमनों ने शिरकत की और जिसमें छह अंजुमनों को बेहतरीन नात पढ़ने के लिए सम्मानित किया गया। बेनिया बाग से शुरू हुआ जुलूस हड़हा सराय, नया चौक, दालमंडी, नई सड़क से होते हुए बिस्मिल्लाह खां के आवास के निकट पहुंच कर समाप्त हुआ। वाराणसी शहर में रेवड़ी तालाब, नदेसर, बड़ी बाजार सहित अन्य स्थानों पर भी जुलूस निकला। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और अंजुमनों ने शिरकत की। शहर के सभी छोटे बड़े मस्जिदों के साथ इबादतगाहों और लोगों ने घरों को भी आकर्षक विद्युत लतरों से सजाया था।